Sixteenth Loksabha

an>

Title: Discussion regarding situation arising out of reported incidents of atrocities and lynching in mob violence in the country.

माननीय अध्यक्ष : अब हम आइटम नंबर 25 लेंगे। नियम 193 के तहत 12 बजे चर्चा तय हुई थी।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : मैडम, मैं इससे पहले आपसे निवेदन करना चाहता था कि गुजरात में जो घटना घट रही है ... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप आइटम नंबर 25 पर बोलिए। ऐसा नहीं होता है।

...(व्यवधान)

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार): नियम 193 के बारे में चर्चा करिए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप नियम 193 पर बोलिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप विाय पर बोल नहीं रहे हैं। आप विाय पर बोलना शुरू करिए।

...(व्यवधान)

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना) : ये शुरूआत से ही खड़े हो गए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठिए। मैंने उनका नाम लिया है। आपने नियम 193 पर चर्चा की मांग की थी और मैंने इसे शुरू किया है।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: महोदया, मैं उसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : धन्यवाद क्या करना, चर्चा शुरू करिए।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : मैं आपका आदेश स्वीकार करता हूं और बात करने के लिए तैयार हूं। लेकिन एक समस्या है कि लोकतंत्र में अगर ऐसे एमएलएज की खरीद-फरोख्त होने लगी, एमएलसी की ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह नहीं होता है। आप नियम 193 पर बोलिए।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: यह बड़ा दुःखद है। ...(व्यवधान) .....

श्री अनन्तकुमार : कहां खरीद-फरोख्त हुई है? ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : ये विाय से भटक कर दूसरे विाय पर जा रहे हैं। ...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : यह ऑपरेशन कमल जो हो रहा है, उसको स्टॉप कीजिए। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आज का जो विाय है, आप सबने ही एट्रोसिटीज, मॉब वायलेंस पर चर्चा की आवश्यकता पर बोला था। आप इसी पर बात करिए।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : मैडम, हम आपके आदेश से चलेंगे, ... * मैं एक ही पार्टी में पचास साल से हूं। मैडम स्पीकर, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे रूल 193 के तहत अपनी बात रखने और खासकर मौब लिंचिंग इश्यू पर अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए समय दिया, मैं उसके लिए आभारी हूं। इस देश में किसी की भी हत्या हो या किसी का मर्डर हो, या किसी का खून हो या मॉब लिंचिंग हो, वह खंडनीय है, चाहे वह हिन्दू हो या मुसलमान हो, चाहे वह सिख हो, चाहे ईसाई हो, या किसी कम्युनिटी का हो, चाहे वह दलित हो, चाहे महिला हो, किसी भी व्यक्ति का मॉब लिंचिंग करना और कानून अपने हाथ में लेना और उसको मारना खंडनीय है। इसीलिए मैं कंडेम करता हूं, किसी भी व्यक्ति को जो ऐसी स्थिति आती है या ऐसा वातावरण तैयार करके मारा जाता है उसका मैं खंडन करता हूं और पूरा सदन भी खंडन करेगा।

आज पूरे देश में भय और आतंक का माहौल है। उसमें पूरी दुनिया में हिन्दुस्तान की छवि खराब हो रही है और खासकर कई शहरों में भीड़ द्वारा हिंसा और हत्याओं का सिलसिला थम नहीं रहा है। कानून की व्यवस्था हर जगह बिगड़ती जा रही है। यह इसीलिए बिगड़ती जा रही है कि जो व्यक्ति मारा जा रहा है क्या इन लोगों को धर्म के नाम पर, गोहत्या के नाम पर हर जगह एक उसकी हत्या हो रही है। लोग बहुत चिंतित हैं इस देश में डेमोक्रेसी या नहीं है, क्या इस देश में कानून की व्यवस्था है या नहीं, क्या इस देश में सरकार है या नहीं, यह समस्या आज लोगों के सामने है। खासकर मैं आपसे कहूंगा कि गौहत्या के लिए जो कानून है, संविधान के डॉयरेक्टिव प्रिंसिपल में जो आर्टिकल है उसके लिए सभी को गौरव है क्योंकि उस आर्टिकल के मुताबिक ही सभी राज्यों में कानून बनते हैं और कुछ राज्यों में ये कानून बन चुके हैं लेकिन चंद स्टेटस में ऐसे कानून नहीं हैं। फिर ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं? इसके पीछे कौन है, इसका खुलासा होना चाहिए। इसीलिए मेरी आपसे विनती है कि जो घटनाएं घट रही हैं इसके पीछे ... * खासकर चंद संगठन इसे बढ़ावा दे रही हैं और प्रोत्साहित कर रही है। मैं यह नहीं कहूंगा कि वह डायरेक्टली कर रहे हैं लेकिन अप्रत्यक्ष रूप से चाहे वह वीएचपी हो या बजरंग दल हो या गौरक्षक हो, ये सारी संस्थाएं बीजेपी से जुड़ी हुई हैं। ...(व्यवधान) खासकर बीजेपी एमएलएज और एमपीज भी सपोर्ट कर रहे हैं।

मैं उनके बयान भी आपके साथ पढ़कर बताऊंगा कि ऐसी चीजें मोदी जी के नए भारत में कट्टरपंथी विचारधारा के लोग निर्दोा लोगों को मौत के घाट उतार रहे हैं। इन घटनाओं से देशप्रेमी और मानवतावादी जनता को बड़ा धक्का लगा है। संविधान का आर्टिकल 21 इस देश के हर नागरिक को जीने का अधिकार यानी राइट टू लाइफ देता है। जब से देश में एनडीए सरकार के कदम पड़े हैं तब से ऐसे कम्युनल और क्रिमिनल इंसीडेंस हो रहे हैं। इसे प्रोत्साहन, डायरेक्टली या इनडायरेक्टली गवर्नमेंट की तरफ से मिल

रहा है, यह मैं जरूर कहूंगा।...(व्यवधान) जब ऐसी घटनाएं होती हैं, इसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी अपनी बात नहीं कहते हैं, अपने मन की बात कहते हैं।...(व्यवधान)

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : जब प्रधानमंत्री जी कहते हैं तो आप लोग भाग जाते हैं।...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: हम तो रोज रहते हैं,.....*.(व्यवधान) प्रधानमंत्री जी को रोज आना चाहिए। यह सदन उनके लिए बना है। इस सदन के वह लीडर हैं। यह हमारे ऊपर कोई उपकार नहीं है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, हमें आजादी मिले 70 साल हो गए हैं, लेकिन 70 सालों में ऐसी घटनाएं कभी नहीं हुई। बहुत सी घटनाएं होती हैं, भीड़ की तरफ से मारे जाते हैं, ऐसा कभी पोलिटिकल इश्यू पर होता है या कभी दूसरे इश्युज् पर होता है। धर्म के नाम पर, गाय के नाम पर, गोरक्षा के नाम पर ऐसी घटना कभी भी इस देश में नहीं हुई। माननीय प्रधानमंत्री कहते हैं, यह गौतम बुद्ध, महावीर, गुरु नानक, गांधी जी और सूफी संतों का देश है। यहां शांति और समृद्धि से रहना है, हमेशा संदेश देते हैं। हमारा देश सदा से भाईचारे के लिए मशहूर रहा है, भाईचारे के लिए आज तक राट्रपिता गांधी जी का संदेश लेकर दुनिया में हम जाते रहते हैं, हमारा आदर भी होता है और जब गांधी जी का नाम लेते हैं तो सभी उनसे सीखने की बात कहते हैं। आज हम गौतम बुद्ध को भूल गए, महावीर को भूल गए, गुरु नानक को भूल गए, बश्वेश्वर को भूल गए, नारायण गुरु को भूल गए। इन सबको भूलकर कानून अपने हाथ में लेकर माइनोरिटी, दलित और महिलाओं की हत्या कर रहे हैं। इन हत्याओं के पीछे, मैं खासकर कहूंगा और जोर से कहूंगा कि .....*इन सबका हाथ है। इनको रोकने के लिए माननीय प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं, क्या करने वाले हैं?...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : इन रिमार्क्स को एक्सपंज करना चाहिए।...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: जाति और धर्म के नाम पर हमें यह नहीं करना चाहिए। आज हमारे देश में यह हो रहा है, हिंदू हिंदू को मार रहा है, हिंदू मुसलमान को मार रहा है, मुसलमान मुसलमान को मार रहा है, जम्मू-कश्मीर में ऐसी घटनाएं हुईं। ये घटनाएं क्यों हो रही हैं? इसके पीछे क्या बात है? आपकी आइडियोलॉजी, फिलासॅफी, आप जिस फिलासॅफी का अनुठान करना चाहते हैं, इम्पलीमेंट करना चाहते हैं, उसे लाने के लिए ये सब चीजें हो रही हैं। एक तरफ तो आप कहते हैं कि जो भी ऐसा काम करेगा, मॉब लिंचिंग करेगा, गोरक्षक कोई भी ऐसा करेगा, उसके ऊपर एक्शन लेंगे, कड़ी से कड़ी सजा देंगे। आपने कहा, वे गुंडे लोग हैं, हम गुंडे लोगों को कभी सपोर्ट नहीं करते हैं, वे हमारे से जुड़े नहीं हैं, लेकिन क्या आपने एक्शन लिया? किसी के खिलाफ एफआईआर की? कितने लोग जेल में हैं? मैं पूछना चाहता हूं कि कितने लोगों को आपने इंक्वायरी करके हैंग किया, इम्प्रिज़नमेंट किया?

माननीय अध्यक्ष, एक घटना नहीं है, मेरे पास बहुत बड़ी लिस्ट है। अध्यक्ष महोदया, मैं आपकी इजाजत से चंद घटनाएं यहां पढ़ कर सुनाना चाहता हूं। मैं पूरी 50 घटनाएं नहीं पढ़ना चाहता। मैं सिर्फ वर्ा 2017 की घटनाएं ही पढ़कर सुनाना चाहता हूं। अलवर में गौरक्षकों ने दूध का व्यापार करने वाले पहलू खान और उसके चार साथियों को मारा। ...(व्यवधान) पहलू खान की दो दिन बाद मौत हो गयी। केरल में 19.4.2017 को 14 ... * के कार्यकर्ताओं द्वारा एक घर पर हमला करने के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। 24.4.2017 को गौरक्षकों की भीड़ ने जम्मू-कश्मीर के रिहायशी इलाके में एक परिवार के पांच लोगों को घायल कर दिया, जिसमें दो महिलाएं शामिल हैं। उस परिवार पर लोहे की रॉड से हमला किया गया। एक भीड़ ने गौहत्या की अफवाह में पुलिस पर पत्थरबाजी की। गुस्सायी भीड़ ने दो मुस्लिम व्यक्तियों पर गाय चोरी करने के शक पर उन्हें भगा-भगाकर मारा। जब तक उन व्यक्तियों को अस्पताल में लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। ...(व्यवधान) हम वह भी बतायेंगे।

अध्यक्ष महोदया, दो किसान गायों को पालने के लिए लेकर जा रहे थे, लेकिन गौरक्षकों का शक था कि वे उन्हें स्लॉटर के लिए ले जा रहे हैं। उन पर भी हमला किया गया और उन्हें भी मार दिया। 12.5.2017 को गौरक्षकों के एक समूह ने पांच युवकों

को बुरी तरह मारा। उन्होंने एक भैंस को स्लॉटर किया था, लेकिन गौरक्षकों को शक था कि उन्होंने गाय को मारा है। 14.5.2017 को गौरक्षक के एक समूह ने एक युवक को मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। उन्हें शक था कि इस युवक ने एक गाय को घायल किया था। यह घटना उज्जैन, मध्यप्रदेश में हुई। ...(व्यवधान) ओडिशा मे 25.5.2017 को गौरक्षकों के ग्रुप ने भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के मैनेजर सहित चार लोगों पर हमला कर दिया। उन्हें शक था कि वे जानवरों की ट्रैफिकिंग से जुड़े हुए थे। 2.6.2017 को आईआईटी मद्रास के स्कॉलर सूरज को पीटा गया, जिसमें उसकी दाहिनी आंख बुरी तरह से घायल हो गयी। उलटे उसके खिलाफ दो धाराओं में केस दाखिल किया गया। 12.6.2017 को राजस्थान में तमिलनाडु सरकार के एनीमल हसबैंडरी डिपार्टमैंट के कर्मचारियों पर दो ...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे : अध्यक्ष महोदया, मेरा प्वाइंट ऑफ आर्डर है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप किस नियम के अंतर्गत प्वाइंट ऑफ आर्डर उठाना चाहते हैं?

...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे: अध्यक्ष महोदया, मैं नियम 352 के तहत प्वाइंट ऑफ आर्डर उठाना चाहता हूं। Rule 352 says that a Member while speaking shall not refer to any matter of fact on which a judicial decision is pending. खड़गे जी जितनी घटनाओं की बात कर रहे हैं, ...(व्यवधान) वे सब केसेज कोर्ट में चल रहे हैं और सब जूडिस है। यह बार-बार देश भर के मामले उठा रहे हैं, It is derogatory. ...(व्यवधान) इसलिए यह बात नहीं उठा सकते। ...(व्यवधान) इन्होंने जितना रेफरैंस दिया है, वह सब जूडिस हैं और कोर्ट उनका फैसला करेगा। ...(व्यवधान) यह कैसे बतायेंगे? ...(व्यवधान) यह ...* लगातार बोले जा रहे हैं। ...(व्यवधान) इसलिए मेरा आग्रह है कि आप इन्हें कहें कि विाय पर बोलें और जो भी सब जुडिस है, उस पर बात नहीं करेंगे। ...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: अध्यक्ष महोदया, कोर्ट के जजमैंट या वहां जो भी केस पेंडिंग है, उसके बारे में मैं डिटेल नहीं बता रहा हूं। मैं सिर्फ इंसीडेंट के नाम बता रहा हूं। यह क्यों हुआ, कैसे हुआ और किसने किया, मैं इसे तारीख के साथ आपके सामने रख रहा हूं। ...(व्यवधान) इसमें सब-जूडिस का सवाल ही नहीं है। ...(व्यवधान) आपने गलत केस ले लिया है। ...(व्यवधान) झारखंड में करीब सौ लोगों की भीड़ ने एक आदमी को बुरी तरह मारा और उसके घर में आग लगा दी, क्योंकि उसके घर के सामने एक मरी हुई गाय मिली थी। ...(व्यवधान) झारखंड के रामगढ़ जिले में अलीमुद्दीन नाम के शख्स की हत्या कर दी गयी। ...(व्यवधान) उस पर शक था कि वह अपनी गाड़ी में बीफ लेकर जा रहा था। यह घटना उसी दिन हुई, जिस दिन मोदी जी ने लिंचिंग के खिलाफ एक बहुत बड़ा बयान दिया था और यह कहा था कि ऐसे लोगों पर एक्शन लेंगे। आपने क्या एक्शन लिया? हम इस सदन के लीडर से, प्राइम मिनिस्टर से पूछते हैं कि आपने क्या एक्शन लिया? आप हमेशा कहते हैं एक और करते है दूसरा। आप एक्शन नहीं लेते हैं।

मैं वर्ा 2016 की बातें नहीं पढ़ रहा हूं। झारखण्ड और मध्य प्रदेश मॉब लिंचिंग सेंटर बन गए हैं। ...(व्यवधान) हर जगह ऐसा हो रहा है। ...(व्यवधान) झारखण्ड के झाबर गांव में दो कैटल व्यापारियों - मोहम्मद मजलूम और इनायतुल खान के शव पेड़ से लटके मिले। ...(व्यवधान) ट्रक ड्राइवर बल्कार सिंह, जो हिन्दू थे।...(व्यवधान) भैंसों को ले जा रहे ट्रक को रूपनगर-पुराली रोड पर रोक लिया गया। ट्रक ड्राइवर बल्कार सिंह, जो हिन्दू थे, को जमकर पीटा गया। उसके खिलाफ गोवध कानून के तहत मामला दर्ज किया गया।...(व्यवधान) ऐसी बहुत सी घटनाएं हैं, मैं यह पूरी लिस्ट आपको देता हूं। ...(व्यवधान) हर जगह ऐसी चीजें हो रही हैं, इनके पीछे

किनका हाथ है? ...(व्यवधान) अगर ऐसा करते गए तो क्या देश में एकता रहेगी, अखण्डता रहेगी, देश में डेमोक्रेसी रहेगी ? क्या इस देश में कानून की व्यवस्था होगी? ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Nothing is going on record like this.

*...(Interruptions) ... **

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : इसलिए मैं यह पूरी लिस्ट आपको देता हूं, इसे मैं आपको सब्मिट करता हूं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आप लोग बैठिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सभी लोग समझिए। यह क्या हो रहा है।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आज आप सभी सदस्यगण समझिए, अगर आप यह मानते हैं कि यह गंभीर बात है, हमने इस पर डिसकशन के लिए समय दिया है और नियम 193 के तहत डिसकशन शुरू हो रही है। मैं आज अपनी भी परीक्षा कर रही हूं, मैं आज किसी को कुछ नहीं बोलूंगी। मैं किसी को कंट्रोल नहीं करूंगी। आप सभी जनप्रतिनिधि हैं, आप सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में जाना है। अपने क्षेत्रों को संभालना है और लोगों को संभालना है। All of you and all of us, I can say, are answerable to everything. इसलिए मैं किसी को कंट्रोल नहीं करूंगी। आप अपना कंट्रोल रखिए, जब समय आएगा, आपकी बोलने की बारी आएगी, तब आप भी रिप्लाई दीजिए। मैं आपको भी बोलूंगी कि अगर यूं ही पर्सनल नाम लेना मना है तो कृपा करके मत लीजिए, क्योंकि जो यहां अपनी बात बताने के लिए उपस्थित नहीं रहेंगे, उनका नाम नहीं लेना चाहिए। इसलिए हर कोई अपनी बात अपनी लिमिटेशन में कहेगा तो कुछ डिसकशन हो पाएगा और हम कुछ कर पाएंगे।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: मैडम, ठीक है। मैं आपका आदेश मानता हूं।

मैं आपके सामने एक अन्य उदाहरण रखूंगा। ...(व्यवधान) 12 जुलाई, 2016 को गुजरात में सोमनाथ जिले की एक घटना वायरल हुई थी, जिसमें चार-पांच दलित लड़कों की पिटाई हुई थी। उनको गाड़ी में बांधकर रॉड से मारा गया। ...(व्यवधान) यह कौन सा न्याय है? उसी जिले में 20 जुलाई, 2016 को सात दलित लड़कों की पिटाई की गयी, क्योंकि वे मरी हुई गाय का चमड़ा निकाल रहे थे। इसके बाद 25 सितम्बर, 2016 को बनासकांठा जिले में एक गर्भवती दलित महिला को पीटा गया, क्योंकि उसने मरी हुई गाय को उठाने से इन्कार कर दिया। कहीं दलित की इसलिए पिटाई हो जाती है कि वह मरी हुई गाय का चमड़ा निकाल रहा था और कहीं दलित की पिटाई इसलिए की जाती है कि वह मरी हुई गाय को उठाने से इन्कार कर देता है। यह जो हो रहा है ...(व्यवधान) और ऐसा गुजरात में हो रहा है।...(व्यवधान) इसके बारे में क्या एक्शन अब तक हुआ है और इनकी रक्षा के लिए क्या किया गया है? ये सारी चीजें मैं आपको बताना चाहता हूं।

एक और घटना दिल्ली के पास घटी है। भरी ट्रेन में 16 साल के ज़ुनैद को इतना मारा गया कि उसकी मौत हो गयी। वह नाबालिक लड़का ईद की खरीदारी करने के लिए दिल्ली आया था, ज़ुनैद के पास गोमांस नहीं था, पर वह अपने घर नहीं लौट पाया, क्योंकि उसकी मौत वहीं हो गयी। इस घटना ने पूरे देश को हिला दिया। इस घटना से दूसरे क्रिमिनल्स को यह मैसेज गया कि हम कुछ भी करेंगे तो हमें पूछने वाला कोई नहीं है, हम करते जायेंगे। आज वही सिलसिला चल रहा है कि हर आदमी अपने हाथ में कानून

लेकर, हर जगह लिंचिंग कर रहा है, मॉब मर्डरिंग कर रहा है और यह घटना दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। मैं आपसे यही कहूंगा कि सरकार ने इससे संबंधित गोरक्षकों के ऊपर कितने केस डाले, कितने गोरक्षकों को आपने अरैस्ट किया है और उन पर कौन-कौन से केस डाले हैं? एक तरफ आप डिसओन कर रहे हैं, लेकिन डिसओन करने के बाद जिन्होंने कानून अपने हाथ में लिया है, उनके ऊपर क्या एक्शन हुआ है? आपका कोई एक्शन नहीं है, इसलिए कोई नहीं डर रहा है। आप 'मन की बात' में बोलते हैं, हर जगह भाण देते हैं,...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाइए। आप कुछ नहीं बोलिए। चर्चा शांति से चल रही है।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Hon. Home Minister is there.

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : वह बैठे हैं।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाइए। आज कुछ मत बोलिए, मैंने यह सभी को कह दिया है।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : अध्यक्ष महोदया, उनका कर्तव्य होता है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय खड़गे जी, आप भी एक बात सुनिए। Home Minister is there. आपको मालूम है कि ऐसा कुछ नहीं है, इन सभी बातों का जवाब होम मिनिस्टर को देना है। He is sitting there. He is noting down points.

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप एक बात और समझ लीजिए कि आपका आधा घंटा समय हो गया है। लिस्ट पढ़ने में आपके महत्वपूर्ण प्वाइंट्स रह जायेंगे। कृपया आप बात को समझिए। मैं आपको बीच में टोकूंगी तो आपको अच्छा नहीं लगेगा।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं अभी नहीं बोल रही हूं। मैं आपको बता रही हूं कि करीब आधा घंटा का समय आपका हो गया है।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: अध्यक्ष महोदया, मैं इसलिए इन सभी बातों को बता रहा हूं कि ऐसी घटनायें इस देश में हो रही हैं तो इसके ऊपर एक्शन नहीं लिया जा रहा है। उन पर एक्शन लेने की बजाय, वह प्रोत्साहित कर रहे हैं, इसलिए हमारा कहना है कि यह सरकार

खासकर माइनॉरिटी के विरुद्ध, दलितों के खिलाफ, महिलाओं के खिलाफ, अपना जो गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। ...(व्यवधान) यह एक ही घटना नहीं है।

यूपी के सहारनपुर में एक माननीय सांसद ने खुद अपने एसएसपी के घर जा कर, उनके परिवार पर हमला किया।...(व्यवधान) उस वक्त एसएसपी का परिवार अकेला था। उसके परिवार के लोग भाग कर गौशाला में छिपे। ...(व्यवधान) जब एसएसपी ने इसकी रिपोर्ट की।...(व्यवधान) माननीय सांसद के खिलाफ एक्शन लेने की बजाय, एसएसपी को वहां से हटा दिया गया।...(व्यवधान) जो एसएसपी कानूनन काम करता है, उसको वहां से हटा दिया गया, लेकिन जो लोग कानून अपने हाथ में लेकर उनके घर पर जाकर अटैक करके...(व्यवधान) जिस जगह वह गाय बांधते हैं, उस जगह जाकर वह अपनी रक्षा किये।...(व्यवधान) इसलिए ...* (व्यवधान) आप हमारी बात सुनिए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात बोलते जाइए। मैंने कुछ नहीं बोला है।

...(व्यवधान)

श्री निशिकान्त दुबे: आप शासन के खिलाफ बोलते हैं, क्या आपने नोटिस दिया है?...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: मैंने किसी का नाम नहीं लिया है, मैंने एक एमपी बोला है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : उनको पानी पीने दीजिए।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: राजस्थान में पेहलू खान अपनी रोजी-रोटी डेयरी फार्मिंग से कमाता था। उसके पास संबंधित कागजात रहते हुए भी उन्हें आपने मार दिया। इस बारे में राजस्थान के चीफ मिनिस्टर ने कंडोलंस तो जाहिर की, लेकिन demise without mentioning the fact that he had been murdered, उनका खून हुआ है, इस बात को उन्होंने नहीं कहा और इस बारे में उन्होंने चुप्पी साधी।...(व्यवधान) बीजेपी लॉ मेकर ने इस बारे में यह कहा कि that 'No regret over the killing because Khan was a cow smuggler.' एक लॉ मेकर ने ऐसा कहा 'No regret over the killing because Khan was a cow smuggler.' इसका क्या मतलब हो सकता है। ऐसी घटनाएं गुजरात, झारखंड, उत्तर प्रदेश, महाराट्र, पूना आदि हर जगह, जहां बीजेपी शासित राज्य हैं, वहीं हो रही हैं। इसे कंट्रोल करने का कोई प्रयत्न नहीं किया जा रहा है।...(व्यवधान)

महोदया, धनबाद में मजनू मंसारी और इनायतुल्ला भेड़-बकरियां, बैल आदि जैसे 25-30 जानवर लेकर जा रहे थे। गौरक्षकों ने उन्हें पकड़ा और लाठियों से मारा। इसके बाद उन्हें पेड़ से बांध कर नंगा लटका दिया। ऐसी घटनाएं अंग्रेजों के समय में हुआ करती थीं, लेकिन आज पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी में, लोकतंत्र में ऐसी घटनाएं हो रही हैं। यह बहुत शर्म की बात है।

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी बात कम्प्लीट कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: महोदया, हमारे देश में संविधान से ऊपर कोई नहीं है। मैं आपसे यही कहना चाहता हूं कि किसी को भी कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। अगर कोई अपने हाथ में कानून लेता है, तो उसे जरूर शिक्षा मिलनी चाहिए। यह जो बैन है,

इसके बारे में सभी को मालूम है। सरकार इसमें अपनी नाकामियां भी दिखा रही है। एक घटना केरल में हुई और वहां एक वर्कर का मर्डर हुआ। ... * ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इस वाक्य का इस बात से कोई संबंध नहीं है।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : उन्होंने इसकी इन्क्वायरी की, लेकिन यहां मॉब लिंचिंग होती है और किसी को भी नहीं बुलाते हैं।...(व्यवधान) यहां किसी को क्यों नहीं बुलाते हैं? अपने कोई लोग हैं तो यहां राज्यों से ... *...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गवर्नर से संबंधित बात रिकार्ड में नहीं जाएगी।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: मैं पूछना चाहता हूं कि इतनी घटनाएं हुई हैं, लेकिन कितने गवर्नर या होम मिनिस्टर बुलाए गए हैं?...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप गवर्नर की चर्चा यहां मत कीजिए। आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: महोदया, यह तो भेदभाव हो रहा है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह भेदभाव की कोई बात नहीं है।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : महोदया, ऐसा भेदभाव नहीं होना चाहिए और जो ऐसी घटनाएं हो रही हैं, ये सोची-समझी घटनाएं हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अब अपनी बात समाप्त कीजिए। आप 25 मिनट से बोल रहे हैं।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: महोदया, यह बहुत महत्वपूर्ण है।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: You are not supposed to say anything.

... (*Interruptions*)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: महोदया, मैं ज्यादा वक्त नहीं लूंगा और सिर्फ आधा घंटा बोलूंगा।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आधा घंटा नहीं, I am sorry. आपको समय के अनुसार बोलना पड़ेगा। आप समझिए कि इस चर्चा के लिए दो घंटे दिए गए हैं। इस हिसाब से आपकी पार्टी को दस मिनट का समय ही मिलना चाहिए। फिर भी मैं आपको बीच में नहीं टोक रही हूं।

आधे घंटे से ज्यादा समय से आप बोल रहे हैं। अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए। Now, please conclude. आपकी पार्टी से कोई दूसरा सदस्य नहीं बोल पाएगा।

…(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: महोदया, मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूं। संसद भवन के सैंट्रल हाल में पूर्व राट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी ने भाण दिया था। उस भाण में पूर्व राट्रपति प्रणब मुखर्जी जी ने अपनी संवेदना को रखा और कहा कि भीड़ द्वारा लोगों को जान से मारने की घटनाओं पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।...(व्यवधान) उनका यह बयान गौरक्षा के नाम पर देश भर में होने वाली हिंसा को लेकर था।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : भीड़ द्वारा वगैरह उन्होंने नहीं कहा। I will have to see this कि राट्रपति जी का यह वाक्य था क्या। आप राट्रपति का वाक्य गलत मत कीजिए। I will have to see it.

…(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: राट्रपति जी ने सरकार को अपने शब्दों पर काम करने की सलाह दी।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : भीड़ द्वारा, वगैरह उन्होंने नहीं कहा।

…(व्यवधान)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Madam, it is on record. … (*Interruptions*) I am only quoting from it. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : मैं इसे देखूंगी। अगर यह है, तो अलाऊ कर दूंगी।

…(व्यवधान)

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Madam, he is quoting from the speech, which is on record. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Okay, I am not saying 'No'.

… (*Interruptions*)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : भारत के पूर्व राट्रपति ... * ने अपने विदाई समारोह में कहा, उन्होंने भारत के लोगों से सभी नागरिकों के बीच बंधुत्व, व्यक्ति की गरिमा और राट्र की एकता को बढ़ावा देने का वचन दिया। यह केवल प्रशासन का एक कानूनी दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि देश के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का घोणापत्र भी है। ...(व्यवधान) यदि इसमें कटिन्युटी नहीं रखा गया...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : रिकॉर्ड में नाम नहीं जाएगा। आपको राट्रपति का नाम नहीं लेना चाहिए था। केवल पूर्व राट्रपति कहें।

…(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: मैं कोट कर रहा हूँ।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं कोट करने के लिए मना नहीं कर रही हूँ। लेकिन आपने उनका नाम लिया।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: मैं पूर्व राट्रपति कह रहा हूँ।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : पूर्व राट्रपति का सवाल नहीं है, उनका नाम नहीं होना चाहिए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं आपकी बात समझ रही हूँ। मैंने केवल नाम के लिए मना किया है। मैंने 'पूर्व राट्रपति' शब्द के लिए मना नहीं किया है। यह नियम में है, इसलिए मैं कह रही हूँ।

...(व्यवधान)

श्री अनन्तकुमार : मैडम, श्री खड़गे साहब बहुत ही अनुभवी हैं। वे रूल्स ऑफ प्रोसीज़र के जानकार भी हैं। मैं नहीं समझ पा रहा हूँ, वे आज क्यों अनजान बनकर ये सब बोल रहे हैं। ...(व्यवधान) रूल 352 में लिखा है-

"... use the President's name for the purpose of influencing the debate; ...".

He cannot do it. ... (*Interruptions*) वे ऐसा नहीं कर सकते। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग बैठ जाएं। मैंने कह दिया है।

...(व्यवधान)

श्री अनन्तकुमार : जब ... * राट्रपति थे, यह उनका तब का बयान था।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैंने तो बोल दिया है कि वह रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

...(व्यवधान)

श्री अनन्तकुमार : वे उसका यूज नहीं कर सकते हैं। ...(व्यवधान)

SHRI JYOTIRADITYA M. SCINDIA : Madam, I want to respond to him. ... (*Interruptions*) Firstly, he has quoted him. ... (*Interruptions*) You have allowed to quote him. ... (*Interruptions*)

श्री अनन्तकुमार : मैंने यील्ड नहीं किया। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप मत बोलिए।

…(व्यवधान)

श्री अनन्तकुमार : आप बैठिए, आपको परमिट ही नहीं किया गया है।...(व्यवधान)

मैं श्री खड़गे साहब से इतना ही कहना चाहूँगा कि जब माननीय ... *इस देश के महामहिम राट्रपति थे, तब उन्होंने सेन्ट्रल हॉल में इस विाय को बताया था।...(व्यवधान) इसलिए उसको ये कोट नहीं कर सकते हैं। ...(व्यवधान) लेकिन ये उसे कोट कर रहे हैं। ...(व्यवधान) जिन दस्तावेजों को .....(व्यवधान) रूल 352 के मुताबिक वे कोट नहीं कर सकते। ...(व्यवधान) जिन दस्तावेजों को अथेंटिकेट करना चाहिए, वे उसे अथेंटिकेट नहीं कर रहे हैं। ...(व्यवधान) जो मामले कोर्ट के सामने हैं, हर विाय में गौ-रक्षा के नाम पर जो गुंडागर्दी की गयी है, उनके संबंध में हर प्रदेश ने कार्रवाई की है। ...(व्यवधान) लेकिन वह कोर्ट के सामने है। वह सबज्यूडिस है। ...(व्यवधान) उसे भी आपने अलाऊ किया है, वे बोल रहे हैं। मुझे लगता है कि ऐसा नहीं होना चाहिए। ...(व्यवधान) आप तथ्य कहें। ...(व्यवधान)

PROF. SAUGATA ROY (DUM DUM): Madam, why are you allowing him? … (*Interruptions*)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: डिस्कशन क्या होता है? ...(व्यवधान)

श्री अनन्तकुमार : प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी से लेकर हर प्रदेश के मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, सांसद, जो लॉ मेकर्स हैं, सब के ऊपर वे इमप्युट कर रहे हैं। ...(व्यवधान) ये सभी गलत बातें हैं, ये रूल के मुताबिक नहीं हैं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट श्री खड़गे जी, आप बैठिए।

रूल बुक मेरे हाथ में है। इसलिए मैंने कहा कि रूल 352 (vi) में साफ लिखा है-

> "… The person shall not use the President's name for the purpose of influencing the debate; … "

… (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE: Madam, he is the former President. … (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : इसलिए मैंने कहा कि उनका नाम इस तरीके से यूज नहीं होगा।

…(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: मैडम, मैं तो कोट कर रहा था। ठीक है। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Now, you please conclude.

… (*Interruptions*)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : ये डिस्टर्ब कर रहे हैं। आप मुझे पाँच मिनट दें। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : किसी ने डिस्टर्ब नहीं किया है।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Now, you please conclude. You will have to conclude.

... (*Interruptions*)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: हमारे भूतपूर्व राट्रपति जी को हमारे प्रधान मंत्री जी ने बार-बार अपना गुरू माना है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब आप कन्क्लूड कीजिए। बस हो गया।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: लेकिन वे गुरू की बात ही नहीं मान रहे हैं। गुरू ने अपने भाण में कहा, उसे वे नहीं मान रहे हैं। मैं एक दूसरी चीज़ भी बताना चाहता हूँ।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज़ कन्क्लूड, मैं अब दूसरा नाम लेने जा रही हूँ।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: विदेशों में हमारी छवि बहुत खराब हो रही है। इसके बारे में हर न्यूज़पेपर और सारी इलैक्ट्रॉनिक मीडिया ने लिखा है। मैं आपको दो शब्द बोलकर अपनी बात यहाँ खत्म करूँगा। श्री प्रताप भानू मेहता ने एक आर्टिकल लिखा था। उसमें उन्होंने कहा था कि "All of us are innocent till proven guilty; minorities, whether on a train, driving a truck, transporting cattle, distributing sweets, are guilty until proven innocent."

माननीय अध्यक्ष : खड़गे जी, प्लीज़ कन्क्लूड। मैं आपसे तीन-तीन बार बोल रही हूँ।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: इसमें लिखा है कि जब तक प्रूव नहीं होता कि वह गिल्टी है, तब तक उसे इनोसेन्ट समझा जाता है। इनके केस में यह बात उल्टी है। इससे यह जाहिर हो रहा ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब आप अपने दूसरे स्पीकर के बोलने के लिए कुछ छोड़िए।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं, बहुत समय हो गया है। आई एम सॉरी।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : मैडम स्पीकर, विदेश में भी मार्टिन लूथर किंग-थर्ड, जो बैंगलूरू में ...(व्यवधान) उनका भी कहना यह है कि अमेरिका और इंडिया में यह स्थिति चल रही है। यह बात हम नहीं बोल रहे हैं। सभी लोग यह बात बोल रहे हैं।

मैडम, दूसरी बात यह है कि 'रूल ऑफ लॉ' सब के लिए एक है। हमें इसके बारे में सोचना होगा कि आज विदेशों में हमारी छवि क्यों घट रही है।

माननीय अध्यक्ष : बहुत अच्छा। अब इसी के साथ कल्क्लूड कीजिए।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: प्रधान मंत्री जी सारे देश घूम रहे हैं, लेकिन छवि तो दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री हुक्मदेव नारायण यादव। प्लीज़ बैठिए। नहीं, आई एम सॉरी।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: मैडम स्पीकर, अमर्त्य सेन और हमारे कांग्रेस अध्यक्ष ने जनता के लिए एक संदेश दिया है।

माननीय अध्यक्ष : आप अपना संदेश दे दो। वह बेहतर रहेगा।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिन पर कानून का पालन करने की जिम्मेदारी है, वे अराजक तत्वों का समर्थन कर रहे हैं। लोग क्या खाएं या क्या नहीं, किस से प्यार करें या किस से नहीं, ऐसी चीज़ों पर यह सरकार जबरन अपने विचार थोप रही है। इसके खिलाफ आवाज़ उठाई जानी ज़रूरी है। यह हृदय की आवाज है।

इसीलिए, मैं आपसे यह कहना चाहता हूँ कि इनका एक्शन आज नहीं दिख रहा है और ये क्या करना चाहते हैं - इस देश को बचाना चाहते हैं या डुबोना चाहते हैं ...(व्यवधान) मैडम पाँच मिनट ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट कल्क्लूड करने के लिए दे सकती हूँ, इससे ज्यादा नहीं। ऐसा नहीं होता है, नहीं तो मैं सेकेण्ड व्यक्ति को अलॉओ नहीं करूँगी। थोड़ा समय तो मेरे लिए भी छोड़ो।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: मैडम, यह इंपौर्टेन्ट है, लेकिन आप अलॉओ नहीं ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नहीं करूँगी।

...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: मैडम, इनकी नीति ऐसी है कि 'चोर से कहे चोरी कर और साहूकार से कहे रखवाली कर।' ये इस नीति से जनता को गुमराह कर रहे हैं। आज ऐसे लोगों के हाथ में सरकार है और वह सब लोगों को परेशान कर रही है। सब के हक छीन रही है। प्रजातंत्र को खत्म कर रही है। अंत में मैं आपको एक छोटी सी कविता सुनाऊँगा। ...(व्यवधान) ये जरूरी है।

"दुनिया भर के इंसानों का यही है कहना,
सबका हक़ है अमन और चैन से जिन्दा रहना।
पास न आने दो नफरत के तूफानों को।

प्यार की आज जरूरत है सब इंसानों को।
प्यार की मिट्टी से पैदा लहकार तो होगी,
सदियों की सोई दुनिया बेदार तो होगी।''

यह मेरा संदेश है। यह देश हिन्दुस्तान है। इस देश को हिन्दुस्तान रहने दो। इसे ...* मत बनाओ। यदि हम इसे ... * बनाएंगे, तो सब लोग डूब जाएंगे। इतना कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आप जब कभी भी विाय को चर्चा के लिए चुनती हैं तो उस विाय को व्यापकता में ले जाती हैं। एसआईआरआई में भी जब विाय को चुना जाता है तो उसको भी व्यापकता में ले जाते हैं। आज का विाय भी सीमित नहीं है। यह व्यापक विाय है क्योंकि प्रस्ताव में स्वतः ही कहा गया है कि देश में अत्याचारों और भीड़ द्वारा हिंसा में जान से मारने की कथित घटनाओं से उत्पन्न स्थिति के बारे में चर्चा। भीड़ कोई एक नहीं है और न ही कोई एक तरह की है। भीड़ तो भीड़ है, चाहे वह किसी के भी नाम पर हो। लेकिन भीड़ द्वारा जो हिंसा की जाती है, उस भीड़ की मानसिकता क्या रहती है, इस संबंध में मैं एक उदाहरण यहां देना चाहूंगा। रामचरितमानस में एक कहानी है, जिसके बारे में आप मुझ से ज्यादा जानते हैं कि कालनैमी नामक एक राक्षस था। वह जब श्री हनुमान के रास्ते में बाधा उत्पन्न करने गया तो उसने अपना रूप साधु का बना लिया। लेकिन हनुमान जी ने उसके उस रूप को पहचान लिया, फिर आगे की कथा चलती है। इसी तरह से मैं जानता हूं कि हिन्दुस्तान में भी कुछ लोग आज कालनैमीवाद से ग्रसित हैं। कालनैमी कोई एक व्यक्ति नहीं है। कालनैमी एक ि वचाराधारा है, कालनैमी एक चरित्र है, कालनैमी का एक चिंतन है और आज भी हिन्दुस्तान की राजनीति में ये कालनैमी हैं। ये पहले भी थे, आज भी हैं और आगे भी रहेंगे। लेकिन उससे लड़ने वाला भी हनुमान जैसा चाहिए। उससे लड़ने का जब प्रश्न आया तो मैं खड़गे जी से निवेदन करूंगा कि भारत के प्रधानमंत्री ने कई बार सार्वजनिक रूप से यह बात कही है कि यह गलत है, यह अपराध है, इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसके विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। भारत का प्रधानमंत्री जब इस बात को कह रहा है तो राज्य सरकारों की यह जिम्मेदारी बनती है कि प्रधानमंत्री के आदेश के अनुसार कार्रवाई करें। क्या कहीं संविधान में लिखा है कि भारत की सरकार पलटन भेज देगी? भारत की सरकार सीआरपी और बीएसएफ को अलग से भेज देगी। जहां भी भेजने की आवश्यकता है, जैसे कश्मीर में भेजने की आवश्यकता है, चीन से लगने वाली सीमा पर भेजने की आवश्यकता है तो निर्भयतापूर्वक और निडरतापूर्वक भारत की सरकार काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी। जब प्रधानमंत्री जी ने बार-बार कहा है तो किसी की नीयत पर शंका पैदा करना उचित नहीं है।

हमारे गुरू डॉ. लोहिया हमेशा कहा करते थे कि तुम नीतियों की आलोचना करो, उनके विचारों की आलोचना करो, लेकिन किसी की नीयत पर शंका मत करो। यह बहुत खराब बात है। आप हमारी नीयत पर शंका करते हैं। हम बार-बार कह रहे हैं, घोणा कर रहे हैं...(व्यवधान) आप शांति रखें।...(व्यवधान) मैं इस बात को इसलिए कहता हूं कि आज हिन्दुस्तान के करोड़ों लोग इस गम्भीर समस्या पर चर्चा को टीवी पर देख और सुन रहे होंगे।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग बीच में क्यों बोल रहे हैं।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव: आज हिन्दुस्तान के करोड़ों लोग देख रहे होंगे, इस चर्चा को ध्यान से सुन रहे होंगे। मैं उन सभी श्रोताओं को कहना चाहता हूं कि सदन की चर्चा को आप अपने अंदर रखो, उस पर चिंतन करो, मनन करो और निर्णय करो। मैं भी कहता हूं,

मुझे भी जानकारी है और 58 वर्ा की राजनीति में मैंने ऐसी बहुत सी कालनैमी को देखा है। आज मैं कहता हूं कि वे छद्मवेशी लोग हैं जो कालनैमी बनकर किसी दूसरे नाम से सरकार को बदनाम करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से इस तरह का आतंकवादी कार्यक्रम चला रहे हैं, ताकि सरकार की छवि को बर्बाद किया जा सके। ऐसे कालनैमी को पकड़ने की आवश्यकता है। वह कौन है, उसको खोजने की आवश्यकता है...(व्यवधान) इसलिए मैं आपसे विनम्र प्रार्थना करता हूं।...(व्यवधान) मैं आपको तो कालनैमी नहीं कह रहा हूं तो आप नाराज क्यों हो रहे हैं। मैं किसी दल या पार्टी पर कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं।

आप भीड़ की बात करते हैं। अध्यक्ष महोदया, मैं फिर पूछना चाहता हूं कि कश्मीर में एक डी.एस.पी. अफसर किसी समारोह के कार्यक्रम में जाता है, भीड़ आती है और उन्हें पकड़कर, घसीटकर उनकी हत्या कर देती है।...(व्यवधान) क्या वह भीड़ की हत्या नहीं है? कश्मीर में हमारी पलटन सीमा की सुरक्षा के लिए लगी है, आतंकवादियों से लड़ रहे हैं। उस समय हमारी पलटन पर भीड़ बनाकर पथराव करते हैं। उनके राट्रभक्ति के काम में अवरोध पैदा करते हैं। आतंकवादियों से लड़ने में रोक रहे हैं और फिर इसी देश में एक-आध नेता भी होते हैं जो उन पत्थरबाजों को कहते हैं कि वे अपने अधिकार के लिए लड़ रहे हैं।...(व्यवधान) देश के सभी लोग इसको सुनते हैं और समझते हैं। इसीलिए मैं विनम्र प्रार्थना कर रहा हूं कि देश के नौजवानों समझों।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Rajeev Satav ji, I am taking note of you. ध्यान रखिए।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : मैं फिर एक बार आपसे प्रार्थना करूंगा कि यह आज की लड़ाई नहीं है। मैं आपको बहुत दिन की एक घटना और डॉ. लोहिया की एक वाणी सुना देना चाहता हूं।...(व्यवधान) दिनांक 05.11.1965 केरल में राट्रपति शासन की उद्घोाणा संबंधी संकल्प पर बोलते हुए उन्होंने कहा था कि सिद्धांत्ततः ''एक बात बतलाना चाहता हूं, वह यह कि कांग्रेसी सरकार को एक बात का घमण्ड है कि वह हार नहीं सकती तो, वह किसी हद तक सही है। स्वतंत्र पार्टी कभी उसको हरा नहीं सकती, जनसंघ उसको कभी नहीं हरा सकता, कम्यूनिस्ट पार्टी उसको नहीं हरा सकती। केवल एक दल उसको हरा सकता है, जिसमें आर्थिक क्रांतिकारिता और राट्रीयता दोनों एक साथ समान मात्रा में जुड़ी हो।'' ...(व्यवधान) मैं यह नहीं कह रहा हूं। उन्होंने कहा कि आर्थिक क्रांतिकारिता और राट्रीयता दोनों समान रूप से जुड़ी हुई हों और इसी को समन्वित करने के लिए वर्ा 1964 में कानपुर में संघ के शिविर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने लोहिया जी को आमंत्रित किया था। लोहिया व दीनदयाल उपाध्याय एक साथ जुड़ने की प्रक्रिया में चल रहे थे। उनके दुशमनों को यह बर्दाश्त नहीं हुआ तो वर्ा 1967-68 में वर्ा 1967 में लोहिया जी और वर्ा 1968 में दीनदयाल जी, इन दोनों की हत्या कर दी गई...(व्यवधान) कि यह एकत्रीकरण न हो पाये। आर्थिक क्रांतिकारिता और राट्रीयता दोनों एक साथ समान मात्रा में जुड़ी हुई हो, उन्होंने उस समय भवियवाणी की थी।...(व्यवधान) ''वह दल अभी बन पाया है या नहीं, इस पर मैं कोई राय नहीं देना चाहता, लेकिन इतना जरूर याद रखना कि वह कृण छोटा क्यों न दिखाई पड़ता हो, लेकिन किसी वक्त वह कंस के सिर और छाती पर चढ़ कर ऐसा मारेगा कि उसको ठीक कर देगा। यह काम आर्थिक क्रांतिकारिता और राट्रीयता के जुड़ाव वाली पार्टी ही कर सकती है।''...(व्यवधान)

मैं इसी संदर्भ में कहना चाहता हूं कि श्री नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने हैं। वे राट्रीयता की भावना से ओतप्रोत हैं, लेकिन आर्थिक क्रांतिकारी कदमों को उठा रहे हैं। जो लोग जानने वाले हैं, वे समझ गए हैं कि अगर राट्रीयता और आर्थिक क्रांतिकारिता एक साथ चलेगी तो दोनों चक्की में कालनेमी जितने हैं, वे ऐसे पिस जाएंगे कि उनके वंश में कोई रहने वाला नहीं रहेगा। इसीलिए मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि यह कहां से कहां, कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना, मन में है कुछ और बात करते हैं कुछ। क्या यह आज हुआ है? यह शब्द मुझे बड़ा खराब लगता है। जब राज्य सभा में बहस हो रही थी तो मैंने पूछा कि किस विाय पर बहस हो रही है तो कहा कि मॉब लिंचिंग पर बहस हो रही है तो भूपेंद्र यादव जी से हमने पूछा कि ये लिंचिंग-फिंचिंग क्या होता है तो उन्होंने मुझे बताया कि भीड़ के द्वारा किया गया उपद्रव। मैंने जैसे कश्मीर की बात बतायी, मैं यह नहीं कहता कि आरोप लगाता हूं, लेकिन मैं यह जानना चाहता हूं कि अगर केरल में दो विचार की लड़ाई है। भारतीय चिंतन में वैचारिक द्वंद को महत्व दिया गया है। ि वचार करो, सतसंग करो, बहस करो, आपस में समन्वय बनाओ, और सहमति बताओ। यही तो हमारी धारा रही है।

हम इससे कहां विमुख होते हैं। आप जिस बात की चर्चा करते हैं, उस बात से आगे आइये, जिसकी चर्चा में आपने कहा कि ट्रेन में जुनैद को मार दिया। यह बार-बार आ रहा है कि सीट के लिए झगड़ा हुआ था और उसे आप जोड़ रहे हैं कि इस कारण से मार दिया। ये बातें सामने आईं कि सीट के लिए झगड़ा हुआ। दो आदमी आपस में लड़ पड़े, दो आदमियों ने मारा-मारी कर दी और आप उसमें उठाकर यह बात ला रहे हो कि हिंदू-मुसलमान का झगड़ा है...(व्यवधान) आप हिंदू-मुसलमान का झगड़ा मत बनाओ। मैं फिर कहना चाहता हूं कि केरल में अगर संघ के प्रचारक अपने विचार का प्रचार करते हैं, वहां प्रचारक जाते हैं तो उन प्रचारकों की हत्या होती है। क्यों होती है, किस कारण से होती है? एक बात याद रखो कि भारतीय संस्कृति में हम इसको मानते हैं - एक नहीं अनेक। हम उस विचार के राही हैं। हम उस शाश्वत, सनातन राह के राही हैं कि हम विचार को लेकर चले हैं। आप मेरा सिर काटते चलोगे, मेरी हत्या करते चलोगे, लेकिन हम उस राह के राही हैं कि एक न एक दिन एक में से अनेक बनते जायेंगे और कभी न कभी हम अपनी मंजिल तक पहुंचेंगे। आप हमारी हत्या कर रहे हो, क्या वह मॉब लिंचिंग नहीं है? उसके लिए आपकी आंख में आंसू नहीं हैं। क्या वह मरने वाला मानव नहीं है? केरल में जो लोग मारे जाते हैं, क्या वे इंसान नहीं हैं? क्या वे हिंदू या मुसलमान के खाते में नहीं डाले जा सकते हैं, इसीलिए न। लेकिन इंसान-इंसान होता है। किसी भी दल के चिंतन को बर्दाश्त करने की क्षमता होनी चाहिए। जिसमें सहनशीलता नहीं है, जिसमें बर्दाश्त करने की क्षमता नहीं है, वह हिंसा का सहारा लेता है।

महोदया, एक राजनीतिक पार्टी के बड़े नेता, मैं नाम नहीं लूंगा, उनका एक अखबार और टी.वी. में बयान आया। मुझे सैंट्रल हाल में साथी लोग बता रहे थे कि ऐसा बयान आया है कि वह झारखंड में कहते हैं कि ये जो नक्सलाइट्स हैं, उन नक्सलाइट्स को अमुक पार्टी को वोट देना चाहिए और उसका समर्थन करना चाहिए। क्या यह मॉब लिंचिंग को हवा देना नहीं है, इससे बड़ा मॉब लिंचिंग क्या हो सकता है? मैं कहूंगा कि जिस पार्टी के वह नेता हैं, उन्होंने नक्सलाइट्स से खुले रूप में समर्थन मांगकर राट्रद्रोह किया है। उन पर राट्रद्रोह का मुकदमा चलना चाहिए, क्योंकि इससे बड़ा कोई अपराध नहीं है। उग्रवाद, आतंकवाद से अपने हित के लिए समझौता करना हमने इसी देश में देखा है।

बाटला कांड हुआ, उस पर विवाद हुआ। बाटला कांड में एक शहीद को क्या नहीं कहा गया। मुम्बई की घटना हुई, उसमें एक बड़े अफसर करकरे थे, उनकी शहादत हुई, उसके बारे में क्या-क्या नहीं कहा गया। हमने क्या-क्या नहीं सुना है। क्या-क्या न किया मेरे साथ जानता हूं मैं आपकी कहानी को। लेकिन आप धीरज से सुनिये, यह जो अत्याचार आज है, सामाजिक अत्याचार, राजनीतिक अत्याचार, आर्थिक अत्याचार, धार्मिक अत्याचार, सांस्कृतिक अत्याचार इस हिंदुस्तान में होते रहे हैं।

मैं अपने क्षेत्र की घटना बताता हूं और इस सदन से प्रार्थना करता हूं कि सदन के किसी वरिठ संसद सदस्य की अध्यक्षता में संसद की कमेटी बने। मैं दो-तीन घटनाओं का जिक्र करता हूं, वह उनकी जाकर जांच कर लें। मेरे क्षेत्र में विस्फी है, लोहरा सुबोल एक गांव है, यह यादवों का गांव है। उन लोगों ने महावीरी झंडा बनाया, वे उसका जुलूस निकालना चाहते थे। आगे नरसाम एक सम्प्रदाय विशेा का गांव है। वहां सरकारी सड़क है, पी.डब्ल्यू.डी. की सड़क है, प्रधान मंत्री सड़क है, पी.सी.सी. सड़क है, 20 फीट चौड़ी सड़क है। लेकिन उन्होंने कहा कि यहां से होकर महावीरी झंडा नहीं जाने देंगे, क्योंकि सड़क के किनारे हमारा एक धार्मिक स्थल है, हम इसके सामने से जाने नहीं देंगे। यह आज की घटना नहीं है। उस समय आर.जे.डी. की सरकार थी। वहां पुलिस वाले आए, अफसर आए, लेकिन नहीं जाने दिया। एक अलग से सड़क बना दी गई कि महावीरी झंडा लेकर उस सड़क से जाओ, तुम इस सड़क से नहीं जा सकते हो। क्या एक हिंदुस्तान में दो हिंदुस्तान बनेंगे? क्या महावीरी झंडा जाने के लिए अलग सड़क बनेगी, ताजिया जाने के लिए अलग सड़क बनेगी? मुसलमानों के जुलूस के लिए अलग सड़क बनेगी। रामनौमी, जन्माटमी, सरस्वती पूजा और प्रतिमा के विसर्जन के लिए अलग सड़क बनेगी। वह सरकारी सड़क है, यह घटना नम्बर एक है।

घटना नंबर दो - मेरे संसदीय क्षेत्र में दरभंगा जिला पड़ता है। वहां दानी नाम से एक गांव है। वहां के अनुसूचित जाति के कमज़ोर बच्चों ने सरस्वती पूजा की और विसर्जन के लिए जुलूस निकालना चाहा। उनसे कहा गया कि गांव से हो कर, इस प्रधान मंत्री

सड़क से हो कर, मुख्य सड़क से जुलूस नहीं ले जा सकते हो। उनके जुलूस को रोका गया कि तुम इस रास्ते से बाहर-बाहर जा कर, नदी में मूर्ति का विसर्जन करो। मैंने उनको रोका और कहा कि उसी सड़क से ही जुलूस जाएगा। फिर वहां डीजीपी आए और उन्होंने उनके जुलूस को निकाला। क्या यह मोब लिंचिंग से कम बड़ा अपराध है? यह सांस्कृतिक अपराध है। सांस्कृतिक जुलूस को रोकाना, किसी के धार्मिक कर्त्तव्यों में बाधा पैदा करना, क्या यह मॉब लिंचिंग से छोटा अपराध है? उनको क्यों रोका गया? आप जा कर जाँच कीजिए।

एक अंतिम घटना बताता हूँ। भैरवा नाम से एक गांव है। वहां बहुत बड़ी परती है। उसमें किसी शाहू जी ने किसी जमाने में महादेव का मंदिर बनाया। आज उसके चारों तरफ कब्रिस्तान की घेराबंदी कर दी गई है। उस मंदिर का रास्ता बंद हो गया है। हर साल, सावन में वहां टेंशन होता है। हजारों लोग वहां जलाभिोक करने जाते हैं। उनका रास्ता रूक जाता है। उनको घुटने भर कीचड़ में हो कर जाना पड़ता था। उसमें किसी तरह पीसीसी मैंने करवाया, जिस पर हो कर लोग जाते हैं। आखिर क्यों? कमज़ोर कौन है? इस देश में न कोई अल्पसंख्यक है और न ही बहुसंख्यक है। हिंदुस्तान में हिंदू जातियों में बंटा है। हर जात को अलग-अलग कर दो तो हर जात अल्पसंख्यक है, कोई बहुसंख्यक नहीं बनता है।

मैं उस क्षेत्र से आता हूँ, जिस क्षेत्र में अकेले सर्वाधिक मुस्लिम का वोट है। लेकिन मैं उस क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर जीत कर आता हूँ और गर्व से कहता हूँ कि मुझे मुस्लिम भाइयों का भी वोट मिलता है, कुछ मुस्लिम भाइयों का वोट भी मिलता है। दुर्गा पूजा है, राम नवमी है, सरस्वती पूजा है, पिछड़े और दलित समाज के बच्चे शहरों में जाने लगे हैं, उनमें चेतना आई है, वे भी ऐसे मौके पर मूर्ति पूजा करते हैं, सांस्कृतिक उत्सव मानते हैं और उनके बच्चों को आनंद आता है। दुर्गा माता की पूजा, राम नवमी में, राम के नाम पर, कृण के नाम पर, उनके बच्चों को आनंद आता है, कुछ मिठाइयां बनती हैं, आपस में बांट कर खाते हैं, उनके हृदय में कितना आनंद आता होगा। उस आनंद को कौन जाने। लेकिन जब वे मूर्ति को विसर्जन करने के लिए चलते हैं तो इस रास्ते से नहीं जाने देंगे, कभी इस पर किसी ने बोला? इस पर किसी ने बोला? इतने दिनों तक आपका राज था, इस पर किसी ने बोला? अभी-अभी बिहार में शपथ ग्रहण के बाद एक मुसलमान मंत्री ने कहा - जय श्री राम। उनके ऊपर फतवा जारी हो गया। उनका निकाह कैंसल कर दिया। उनको फांसी झुलाया गया। उनको कहा गया कि तुम माफी मांगो। वे सबके बीच में गए। मॉब के बीच में गए और माइक पर कहते हैं कि जिन लोगों को मेरी बात से चोट लगी हो, तो मैं उनसे माफी मांगता हूँ। ...(व्यवधान) मैं कहना चाहता हूँ कि अगर उसने जय श्री राम कहा तो क्या अपराध किया? गांधी जी के समय में मौलाना अबुल कलाम आज़ाद थे, रफ़ी अहमद किदवई थे, खान अब्दुल गफ्फार खान थे, सब साबरमती आश्रम में बैठते थे, सब एक साथ कहते थे - ईश्वर, अल्लाह तेरे नाम, सबको सम्मति दे भगवान। ईश्वर-अल्लाह का गान, हिंदु-मुस्लमान सब मिल कर करते थे। कहां मौलाना आज़ाद थे, रफ़ी अहमद किदवई थे, खान अब्दुल गफ्फार खान थे, जाकिर हुसैन थे, ये जब गांधी जी के नेतृत्व में, वंदे मातरम बोलते थे, आज वह वंदे मातरम कहना क्या अपराध है? इस देश में हमें वंदे मातरम नहीं कहने देंगे? क्या यह मॉब लिंचिंग नहीं है? यह मॉब लिंचिंग से भी बड़ा अपराध है। राट्रीयता के साथ, एकता के साथ और अखण्डता के साथ अपराध है। राट्र धर्म सबसे बड़ा धर्म होता है।

एक बात कह कर मैं समाप्त करूंगा। डॉ. लोहिया ने कहा कि हिंदुस्तान में दो धारा है। एक धारा दास भाव का समन्वय है और एक धारा स्वामी भाव का समन्वय है। डॉ0 लोहिया ने इसी लोक सभा में बोलते हुए कहा, भारतीय इतिहास की आलोचना पर बोलते हुए लोहिया जी ने कहा था।...(व्यवधान) लोहिया जी के साथ अन्याय नहीं हो रहा है, मैं लोहिया की किताब पढ़ रहा हूँ, लोहिया वह नहीं थे, आप सुनिये, लोहिया ने क्या कहा है। उन्होंने कहा कि आजकल वक्ताओं में यह भी देखा गया है कि बार-बार कहने की प्र वृति आ गयी है कि हमारा अनोखा देश है।...(व्यवधान) यह सबको खपा दिया करता है। सबके साथ समन्वय कर लिया करता है। हमारा तो विविधता में एकता वाला देश है। आज आप महानुभाव लोगों से मैं यह कहना चाहता हूँ कि इस इतिहास की जहरीली धारा ने हमारे दिमाग को कुछ ऐसा बना डाला है कि वर्तमान राजनीति में लगा हुआ हिन्दुस्तान सोचता है कि हम तो प्रगतिशील हैं। अब आने दो किसी बाहर वाले को, जीत लेगा तो हमारा क्या बिगड़ेगा, एक दफा जीत लेगा और बाद में हमारे अन्दर एक बहुत जबरदस्त सांस्कृतिक

अमृत है, उसके सबब से हम उसको सांस्कृतिक रूप से जीत लेंगे, अपने में खपा लेंगे। अपने में यह खपा लेने की बात के सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूँ कि इतिहास की यह धारा बिल्कुल खत्म होनी चाहिए। समन्वय दो तरह का होता है, एक दास का समन्वय है और एक स्वामी का समन्वय है। पिछले हजार वर्ा के इतिहास से हिन्दुस्तान ने स्वामी भाव का समन्वय नहीं सीखा। यह एक दास का समन्वय रहा है। ये सांस्कृतिक समन्वय की बात कह रहे हैं, यह मैं नहीं कह रहा हूँ, इसी लोक सभा में भारतीय इतिहास की आलोचना पर बोलते हुए डॉ0 लोहिया ने कहा था। उन्होंने कहा है कि ''इस सम्बन्ध में मैं खाली परदेशियों को ही दोा नहीं देता, उनके सबब से जितने भी इतिहासकार हैं, वे उसी जहर में बिल्कुल घुल जाते हैं। आज भारत में दो इतिहास के स्कूल हैं, एक डॉ0 ताराचन्द का और एक डॉ0 मजूमदार का, ये दोनों के दोनों इसी समन्वय धारा के हैं, विविधता धारा के हैं। भारत क्या है, उसको भूलकर भारत के जो विभिन्न अंग हैं, उनकी तरफ निगाह चली जाती है।'' मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूँ।

माननीय अध्यक्ष : क्या हो गया?

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे: अगर लोहिया जी जिन्दा रहते, तो हुक्मदेव साहब को देखकर रो पड़ते।

माननीय अध्यक्ष : ऐसा तो नहीं है, कोई जरूरी नहीं है। आपके कान में आकर थोड़े कहेंगे।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव: खड़गे साहब, हिन्दुस्तान में विविधता में एकता है, मैं ऐसा संसद सदस्य हूँ, जिसमें विविधता में एकता है। मेरे पिताजी, आठ चाचा, चार चचेरे भाई गाँधी जी के नेतृत्व में स्वतंत्रता आन्दोलन में जेल गये। उन्होंने चार साल की सजा भोगी। वे सभी कांग्रेसी थे। मेरे आठ चाचा, चार चचेरे भाई, मेरे खानदान से 16 आदमी जेल गये, चार साल की सजा पाये, लेकिन इतिहास में उनका कहीं नाम नहीं है। उनका नाम इतिहास में है, वे मजा पा रहे हैं, जिनके खानदान से एक आदमी जेल में गया और वर्ों तक हिन्दुस्तान में मजा पाते हैं। मैं भी उसी खानदान से हूँ। मेरे अन्दर भी स्वतन्त्रता सेनानी का खून है, जो अंग्रेजी राज से लड़ा था। मेरे अन्दर वह खून है, इसलिए मैं कांग्रेसी राज से लड़ा। मेरे अन्दर वह खून है, इसलिए मैं आज भी लड़ रहा हूँ। चाहे मर जाऊँगा, मिट जाऊँगा, लेकिन कभी कांग्रेस के आगे अपने सिर को नहीं झुकाऊँगा। मैं उस तरह का आदमी हूँ। मैं ऐसा नहीं हूँ कि आज कुछ और कल कुछ। कांग्रेस के आगे झुकते भी हैं, कांग्रेस से मिलते भी हैं, अन्दर-अन्दर दोस्ती और बाहर-बाहर झगड़ा। ड्राइंग रूम में एक थाली में पुलाव खाते हैं और सड़क पर आकर एक-दूसरे को गाली देते हैं। क्या देश में होली मनाते हो? जिसका कोई लेखा-जोखा नहीं रहेगा, जनता लेखा-जोखा लेगी।

इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि समझो, मैं वर्ा 1950 का संघ का स्वयंसेवक हूँ। आपमें से कितने हैं, जो वर्ा 1950 में जन्म लिये होंगे। मैं वर्ा 1950 से संघ का स्वयंसेवक हूँ, जब 8वीं क्लास में पढ़ता था। संघ का स्वयंसेवक रहते हुए, शाखा में जाते हुए, गुरू दक्षिणा करते हुए मैं समाजवादी युवजनसभा में काम करता था। लोहिया के नेतृत्व में सामाजिक क्रान्ति में लगा रहा। मैं दोनों धारा को लेकर आया हूँ। मैं तो शुरू से कहता हूँ। मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ। फिर उसी भारतीय इतिहास की आलोचना पर डॉ0 लोहिया ने कहा था कि आज जो हमारे बीच बसने वाले मुसलमान हैं, आखिर तो हमारे भूतपूर्व हिन्दू हैं, उनका कोई हाथ नहीं था उस वाक्ये में, उनसे बदला न निकालकर के, जो कि एक बिल्कुल अहमक काम होगा, हम यह कोशिश करते हैं कि इतिहास को गुस्से के रूप में न देखें, बल्कि दर्द के रूप में देखें। हम खिलाफ नहीं जाते जब वे कहते हैं कि हिन्दुस्तान के मुसलमान भूतपूर्व हिन्दू हैं। तो मुसलमानों को भी सोचना चाहिए कि वे भूतपूर्व हिन्दू हैं। दोनों सोचेंगे, हर मुसलमान सोचे और हिन्दू की भावना का सम्मान करे, उसी प्र ाकार हिन्दू भी मुसलमान की भावना का सम्मान करे।

मैं आपसे पूछना चाहता हूँ। गीता में भगवान कृण ने कहा- 'कृाि गोरक्ष्य वाणिज्यं वैश्य कर्म स्वभावजं।' ...(व्यवधान) आप बोल लीजिएगा। आप बहुत दिन बोले हैं ...*...(व्यवधान) इसलिए मेरी विनम्र प्रार्थना है कि जब मुसलमान को लोहिया कहते हैं कि आखिर वह भूतपूर्व हिन्दू ही तो है, तो मुसलमान को भी सोचना चाहिए कि वह भूतपूर्व हिन्दू है। अगर हर हिन्दू सोचे जो मुसलमान हैं,

वे हमारे पुरखे थे, तो मुसलमान को भी सोचना चाहिए कि आज जो हिन्दू हैं, हम उन्हीं के पुरखों की औलाद हैं। दोनों को सोचना पड़ेगा।...(व्यवधान) मैं आपसे प्रार्थना करूँगा, मैं डॉ. लोहिया की इन बातों के साथ आपसे प्रार्थना करना चाहूँगा, मैं उन्हीं की बात सुनाना चाहूँगा। ...(व्यवधान) डॉ. लोहिया समाजवादी थे। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, अगर आपको अभी समय लगेगा तो लंच के बाद बोल लें।

...(व्यवधान)

श्री हुक्मदेव नारायण यादव: अगर अभी पांच-सात मिनट दे दें तो मैं अपनी बात खत्म कर देता हूँ। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अगर आप लंच के बाद बोलें तो ज्यादा अच्छा है। अभी एक कार्यक्रम है। बाद में आपको पांच मिनट दे देंगे।

The House stands adjourned to meet again at 14.15 hours.

The Lok Sabha then adjourned till

Fifteen Minutes past Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha reassembled at Seventeen Minutes past Fourteen of the Clock.

(Hon. Deputy Speaker *in the Chair*)

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Hukmdeo Narayan Yadav, you can continue now.

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी) : उपाध्यक्ष महोदय, भोजनावकाश से पहले मैं कुछ बिन्दुओं की ओर सदन का ध्यान आकृट कर रहा था। मैं उस ओर सदन का ध्यान आकृट कर रहा था कि जिस तरह पाक़िस्तान जैसा देश छद्म रूप से युद्ध लड़ते हुए इस देश में आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है, प्रोत्साहन दे रहा है और आतंकवाद के नाम पर छद्म युद्ध लड़ रहा है, उसी तरह हिन्दुस्तान में कुछ लोग हैं, जो नरेन्द्र मोदी के शासन के खिलाफ़, सीधे लड़ने की हिम्मत नहीं है, लेकिन, वे छद्म युद्ध लड़ रहे हैं। कहीं-न-कहीं उनको भी ... * ट्रेनिंग न मिली हो, भगवान जाने, मुझे पता नहीं, क्योंकि इनकी टेक्नीक वही है, टेक्नोलॉजी वही है। इनके चरित्र वही हैं, इनके कार्यक्रम वही हैं।

श्री बदरुद्दीन अजमल (धुबरी): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत शुक्रगुजार हूं कि आपने मुझे इस मौके पर बोलने का मौका दिया। इस्लाम में सिखाया गया है, अल्लाह ताला कहता है कि सारी दुनिया, एक कीड़ा-मकौड़ा और एक इंसान मेरी फैमिली के लोग हैं, सारे मेरे बच्चे हैं, इनके साथ जो भी अच्छाई करेगा, वह मेरे लिए सबसे ज्यादा अच्छा होगा। यह इतना जबरदस्त इश्यू है, मुझे पूरा यकीन है कि हमारे इन भाइयों में से कोई भी इस मॉब लिंचिंग में शरीक नहीं है और न ही ये दिल से चाहते हैं कि मॉब लिंचिंग हो। आज हम देख रहे हैं, अफसोस की बात है कि डिबेट ने ऐसा बना दिया कि जैसे मॉब लिंचिंग यही करा रहे हैं। हमारा दिल नहीं मानता। आज का माहौल पेश कर रहा है कि ये करा रहे हैं और ये पार्लियामेंट में सपोर्ट भी कर रहे हैं, मेरे ख्याल से ऐसा नहीं होना चाहिए। अल्लाह कहता है कि अल्लाह के घर को तोड़कर टुकड़े-टुकड़े कर दो, यह अल्लाह को पसंद है लेकिन किसी इंसान का दिल मत दुखाओ। कोई हिंदू-मुस्लिम नहीं कहता है, सारे उसके बंदे हैं। जहां भी इस किस्म की घटनाएं हो रही हैं, बार-बार नाम रिपीट करने से कोई फायदा नहीं है, मैं अपने भाइयो से कहूंगा, इंसाफ और न्याय का दारोमदार आपके ऊपर है।

प्राइम मिनिस्टर जी कह चुके हैं और वे बार-बार कह रहे हैं कि इन हमलों को देखने का काम स्टेट का है। उन्होंने स्टेट के लिए जितने सख्त अल्फाज़ कहने थे, वे कह दिये। लेकिन उन स्टेट्स में आप लोग बैठे हैं और सब मिनिस्ट्रीज आपकी हैं। इसलिए आप जोर दें, ताकि लोगों में इंसाफ का नाम फैले। मोदी जी जो करना चाहते हैं, जो मुंह से कह रहे हैं, वह इंसाफ की बात दुनिया तक पहुंचे। यह आपकी जिम्मेदारी है।

अध्यक्ष महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि इस किस्म के सेंसिटिव इश्यू पर दोनों तरफ से खींचातानी अच्छी नहीं लगती। इससे मुल्क में अच्छा मैसेज नहीं जा रहा है। हमें मुल्क में एक अच्छा मैसेज देना चाहिए, क्योंकि हम जन-प्रतिनिधि हैं। आप अल्लाह, ईश्वर, भगवान आदि जो भी नाम लीजिए, लेकिन ऊपर एक है, जो सबको देख रहा है।

हम लाये हैं तूफान से किश्ती निकाल के,

इस देश को रखना, मेरे बच्चों संभाल के।

मैं इन्हीं बातों के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY (MALAPPURAM): Hon. Speaker Madam, I am very happy to speak in this House and I thank you for allowing me. I have spent so many years in the State Assembly and held various portfolios. I won the recent bye-election from Malappuram and I got more than five lakh votes from various sections of society.

It is a sad thing that we have to talk about mob lynching in this century when we should have been discussing on development, Digital India etc. Our Prime Minister talks a lot about Digital India and he travels around the globe. Suppose he goes somewhere and somebody asks him, "You are saying many things about Digital India, the 21st century and India becoming superpower but is it not a fact that mob lynching is very usual in your country?" What answer will the Prime Minister have? It is a very sad thing that mob lynching is happening in our country after 70 years of freedom. What is this discussion about? This whole discussion is about the fundamental principles that we should uphold. We have to remind ourselves the fundamental principle of secularism, the principle laid down in the Constitution of India. Mob lynching is a threat that has emerged against the values that we have always cherished.

We should look at the reasons behind cases of mob lynching. So many hon. Members have mentioned so many reasons. It is all being encouraged by the speeches made by organizations associated with the ruling party. You should examine that. We hear that from some corners, it is justified by citing other incidents. Murders are taking place in many States of the country. A section of the people, the minorities, the dalits are being targeted. So, they are feeling insecure. It has never happened in our country before. There have been Governments of Congress, the UPA and even the BJP earlier. But such a thing was not as widespread or as usual as it is now. It can happen anywhere. Some people

get together and if they so wish, they target some innocent person and kill him; they do whatever they want. I do not know whether it is a right thing to mention some nation but these kinds of things which take place in some African countries should not happen in our country. That should not happen in our country. That is very important; it is not a simple thing.

Hon. Members cited many instances of murders in some States. They may be there but mob lynching is different. A section of the people feels very insecure. That has become a real social problem now. Look at who are all the victims. Who is Mohammad Akhlaq? He is the father of a soldier. He is an engineer and he is well educated. He is in the Air Force. He is not a small person but he lost his father. His father was targeted. How will he feel? How will we feel? We should be proud of a soldier who defends our country in the forefront but his father was killed in a mob lynching incident. That was the Mohammad Akhlaq story.

The name of Junaid was mentioned by everybody. I do not want to prolong on that. He was a teenage boy. What was the incident? It was not an argument for a seat in a train. Everybody knows it but they are trying to make it like that for justifying the killing of a teenage boy. I have heard some hon. Members saying it was an argument for a seat which led to the incident. It is not true. When some of us from various political parties had gone there, his father and relatives came to see us. All of us know the incident. He was targeted just because of his attire, what he was wearing, his beard, and his cap. What was told to him? Everybody knows it. I do not want to repeat that in this august House. That is not a good thing for any one of us to hear. It has happened in a train. What will the tourists, especially the foreign tourists say about our country? They will say, 'If we go to that country, there is every possibility that when you travel, people may surround you and kill you for some reason.' That is not good for the country. It is not the way we take the country to the 21st century.

I now come to what happened in Una. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Do not quote every case. You have to conclude.

… (*Interruptions*)

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY : I am not going into the details. I am saying this for a different reason. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You do not have that much time.

… (*Interruptions*)

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY: Traditionally, they were in the job of skinning animals. Can we suggest something else for these people for their livelihood? As Shri Tathagat Satpathy said today when we

bring reforms we should also think about how there can be a livelihood for the affected people. Here, the skinning of dead animals is the profession traditionally carried on. But one morning, you come out with a law notifying that such a thing should not be done from tomorrow onwards. In my opinion, these Thuglaq-like reforms are not at all correct. We had the demonetisation; and again this notification. You have never thought about the implications of these notifications. This has a widespread implication. It will affect your agriculture; it will affect your industry; it will affect your exports. Agriculture, exports, meat trade, jobs, and everything will be affected in that way. It has widespread implications. It is going to tell upon the economy of the country. Tomorrow we will definitely come to know that.

I am concluding, Madam. Today we know how demonetisation has affected us. All the parliamentary Committee Reports have come now. It was not a good step. It has seriously started affecting us. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Prof. Richard Hay. You also have not more than two minutes to speak.

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY: I am concluding, Madam.

HON. SPEAKER: No, you are not concluding. I have now called another Member.

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY: This notification will also affect us seriously. Something has to be done.… (*Interruptions*)

PROF. RICHARD HAY (NOMINATED): Hon. Speaker, Madam, the word 'lynch' means, a group of people kill others without legal trial. In fact it occurred on a massive scale during the partition of the country. Horror of that lynching savagely appears in our minds. Who was responsible for the partition of Bharat and lynching of millions, everyone knows. I remember distinctly how thousands of minority brethren, the Sikhs were lynched mercilessly by the agents of the then Government in power under a progrom. Indeed, now minorities are safe under the courageous leadership of Modi ji, the messiah of peace and prosperity.

Madam, mob lynching is even now taking place in my own home State Kerala. Day before yesterday in my home State, Kerala there was an attempt on the life of the BJP State President and later Shri Rajesh, a *Swayam Sewak,* was brutally lynched in the streets of the Capital city of Kerala in Thiruvananthapuram. Hon. Members are only speaking about cow vigilantism. Why not they apply their minds on sporadic violence and lynching occurring continuously in Kerala? We want peace in Kerala. Lynching people in the name of Party and politics has to be condemned.

We noticed the Governor of Kerala chiding against the hon. Chief Minister of Kerala for his negligence in maintaining law and order. In the name of ideology, hatred is unleashed in Kerala.

Democracy is in peril. In 17 months 17 people were killed. If another Member of another Party propagates his Party's ideals, he is being lynched. In toto, 275 *Swayam Sewaks* were lynched in the last few decades in Kerala. It is a frightening state for women, dalits and the weak. Let us debate this worrying trend in crime against women and the weak too. Let us all join in restoring peace in Kerala.

Since cow slaughter is involved in the discussion, may I bring to the attention of this august House Article 48? I will not quote the whole Article but only mention the last part of it, which says:

> "In particular, to take steps for preserving and improving the breeds and prohibiting slaughter of cows and calves and other milch and draught cattle. "

In the chapter on Fundamental Duties also, it is stated that we should show compassion to all creatures. But let me, Madam, tell you the fact. What is happening in Kerala?

In Kerala, I have seen cows slaughtered in the most unhygienic conditions and in the most cruel methods. The poor cow is slaughtered brutally, killed by mercilessly hammering on its head in front of the other cows kept to be slaughtered. It dies after suffering huge amount of pain. Does the country not have a conscience when some people mercilessly act against the very spirit of the Constitution?… (*Interruptions*) Where has the cardinal values of compassion and empathy slipped through?

Madam, I will talk about one more thing and then conclude. What is the history of cow slaughter in this country? You will find that only in a few handful of States cow slaughter has not been banned. Madam, 99.38 per cent of Indians live in areas where cow slaughter is prohibited. Cow slaughter has been prohibited in 84 per cent States and Union Territories, especially this happened during the Congress regime. Please note this point.… (*Interruptions*) Cow slaughter banning, in nearly half of the States, is roughly 50 years old and was enacted during the tenure of the Congress. The country must know this fact.… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: You must conclude now.

Shri Asaduddin Owaisi.

PROF. RICHARD HAY: In 77 per cent or 24 States and Union Territories that prohibit cow slaughter, the offence is cognizable and in more than half of them it is non-bailable. In Kerala, it restricts cow slaughter under the Kerala Panchayat Raj (Slaughter Houses and Meat Stalls) Rules, 1964 in rural and urban areas. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Prof. Richard Hay, please sit down. Shri Asaduddin Owaisi Ji, you will also get two minutes.

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद) : महोदया, आपको कहने का मौका नहीं दूंगा, मैं केवल चार मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा।

माननीय अध्यक्ष : ठीक है।

श्री असादुद्दीन ओवैसी : अध्यक्ष महोदया, पिछले तीन सालों में मॉब लिंचिंग के जो वाक्यात हमारे मुल्क में पेश आये हैं, उनसे हमारी आँखें खून के आंसू रोती हैं, रूह तड़पती है, जिस्म कांपता है और दिल लहुलूहान होता है। मैं आपसे वाजेह तौर पर कहना चाहता हूं कि यह वाक्यात खत्म नहीं होंगे, इसलिए खत्म नहीं होंगे क्योंकि यह सरकार रिलीजन को आइडियोलॉजी के तौर पर प्रमोट कर रही है, जो हमारे संविधान के खिलाफ है। जिस दिन यह सरकार रिलीजन को या फेथ को मानेगी, आइडियोलॉजी तौर पर ये वाक्यात खत्म नहीं होंगे।

दूसरी बात मैं यह कह रहा हूं कि यह क्यों खत्म नहीं होंगे, क्योंकि जब तक बीजेपी कल्चरल, नेशनलिज्म को मानेगी, इस मुल्क में मॉब लिंचिंग होती रहेगी, दलित और मुसलमान मारे जाते रहेंगे।...(व्यवधान) जिस दिन बीजेपी कॉंस्टीट्यूशनल नेशनलिज्म को अपनायेगी, मॉब लिंचिंग खत्म हो जायेगी। तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि यह सरकार अपनी कॉस्टीट्यूशनल ड्यूटी में सरासर नाकाम साबित हुई है। यह सरकार किसी की भी जान बचाने में नाकाम साबित हुई है। इन्हीं के कर्नाटक में लोग मारे गये हैं, केरल में मारे जा रहे हैं और पूरे मुल्क में इन्हीं की रियासतों में, जहां ये इक्तेदार पर हैं, मुसलमानों और दलितों की टार्गेटिड किलिंग हो रही है। अभी अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर नज्बुल हसन नामी शख्स, जो कि इंजीनियर है, उसे रेलवे पुलिस ने पकड़ा क्योंकि वह शख्स बुर्का पहन कर ट्रेन में जा रहा था। रेलवे पुलिस ने उससे पूछा कि तुमने बुर्का क्यों पहना है, तब उसने कहा कि तीन दिन पहले मुझे लोगों ने मारा था इसलिए मैंने अपने आपको मॉब लिंचिंग से बचाने के लिए बुर्का पहना है। यह वाक्या अखबार में आया है। आप इसके लिए जिम्मेदार हैं या नहीं, यह आप बता दीजिए। क्या गौरक्षा हिंदू रिलीजन का एसेंशियल प्रैक्टिस है, जिस तरह सिखों में पांच क-कार हैं, मुसलमानों में रोजा, रमज़ान, दाढ़ी है। यह निर्णय लिया जाए कि गौरक्षा हिंदू रिलीजन का एसेंशियल पार्ट है, अगर इसे आप नहीं कर सकते हैं तो सुप्रीम कोर्ट को दीजिए। मैं आपको सुझाव दे रहा हूं।

महोदया, मैं आखिरी बात कहने जा रहा हूं। हमारे वजीरेआजम इज्राइल गए। मुझे बहुत खुशी हुई कि वजीरेआजम ने एक यतीम बच्चे को अपने करीब बुलाया। उस पर रहम किया, उस पर दस्ते शफक रखा। मैं आपके जरिए वजीरेआजम से पूछना चाहता हूं कि जिस तरह वजीरेआजम ने मोशे नामी बच्चे को, जिसके वालिदेन को पाकिस्तान के दहशतगर्दों ने जान से मार दिया था, क्या हमारे वजीरेआजम अपने घर में अख्लाक के बेटे को बुलाएंगे, जुनेद के भाई को बुलाएंगे, अयूबखान के खानदान वालों को बुलाएंगे और कर्नाटक में आपके लोगों को मारने वालों को बुलाएंगे। उन्हें बुलाकर वजीरेआजम अपने गले से लगाएं। अगर मोशे को गले से लगा सकते हैं, तो यहां पर जिन लोगों ने उन्हें मारा, वे भी टेरेरिस्ट्स से कम नहीं हैं। मैं अर्ज करना चाहता हूं कि जुनेद के वाक्य में एफआईआर में लिखा गया कि उसे क्यों चाकू मारा गया। उसमें लिखा गया कि तू गाय का मांस खाने वाला है, इसलिए चाकू मारा गया। क्या किसी को तीस दिन में बेल मिल सकती है। क्या वहां आपकी सरकार नहीं है? मैडम, किसी मर्डर केस में जमानत मिलने के लिए नव्वे दिन लगते हैं। आपकी सरकार सो रही है, आप कांस्टीट्यूशन ड्यूटी में नाकाम साबित हुए हैं। अगर वजीरेआजम वाकई में सच्चाई को मानते हैं, जबानी खर्च के कायल नहीं हैं तो मैं वजीरेआजम को कहूंगा कि आपकी शेडो आर्मी को रोकिए। मैं आपके जरिए से कहना चाहता हूं कि हिंदुस्तान की पांच हजार साल की तारीख है। मैं अपने हिंदू भाइयों को कहना चाहता हूं कि बचा लो अपने आपको हिंदूत्व से बचा लो। हमारी लड़ाई हिंदूइज्म के खिलाफ नहीं है, हमारी लड़ाई हिंदुत्व के खिलाफ है। इस मुल्क को इससे बचाना

है। यह हुकूमत हिंदुत्व को प्रमोट कर रही है और मुसलमानों तथा दलितों की टार्गेटिड किलिंग कर रही है। यह सरकार नाकाम साबित हुई है। जब तक मोदी सरकार रहेगी, तब तक मॉब लिंचिंग चलती रहेगी।

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी पार्टी से दो लोग बोल चुके हैं।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सभी को बोलने के लिए समय दिया है। आपकी पार्टी के दो सदस्य बोल चुके हैं। आप बैठ जाएं।

माननीय मंत्री जी।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अभी नहीं अलाऊ करूँगी, फिर कभी आपको मौका मिलेगा।

...(व्यवधान)

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किरेन रिजीजू) : मैडम, मैं आपको धन्यवाद देता हूँ, इस महत्त्वपूर्ण विाय पर आज 12 बजे से चर्चा प्रारंभ हुई और पूरे छः घंटे तक यह चर्चा चली। सभी पार्टियों के नेताओं ने, संसद-सदस्यों ने इस चर्चा में भाग लिया।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपको फिर कभी मौका मिलेगा, लेकिन आज नहीं।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं आपको फिर कभी बोलने के लिए पाँच मिनट ज्यादा समय दे दूँगी।

...(व्यवधान)

श्री किरेन रिजीजू : मैडम, अभी तक बहुत अच्छी चर्चा हुई, शांतिपूर्वक चर्चा हुई। सभी की बातों को हम लोगों ने शांति से सुना। सरकार ने इसे नोट किया और आदरणीय खड़गे जी और सौगत राय जी ने जो नोटिस दिया, उसका शीर्षक है- 'Reported incidents of atrocities and lynching in mob violence in the country.' हिन्दी में- "देश में अत्याचारों और भीड़ द्वारा हिंसा में जान से मारने की कथित घटनाएँ।"

इस पर जो चर्चा हुई, उस पर सरकार की ओर से पक्ष रखने के लिए मैं खड़ा हुआ हूँ। हम लोगों ने आपकी बातों को बहुत ध्यान से सुना। इसलिए सरकार के पक्ष को भी आप ध्यान से सुनिएगा। मैं विाय को बहुत लम्बा नहीं ले जाऊँगा।

हम लोग संविधान को समर्पित भाव से मानते हैं और संविधान के मतलब से ही चलते हैं। इसीलिए हम लोगों ने ओथ लिया है, चाहे प्रधानमंत्री हों, मंत्री हों, संसद के सदस्य हों, सभी ने ओथ लिया है। संविधान में जो प्रावधान हैं और उनके अनुसार जो विभिन्न कानून बने हैं, उनसे ही देश चलता है। आज जो चर्चा हुई, उसके संबंध में संविधान के पार्ट-थ्री, अनुच्छेद 246 में क्लीयरली डिफाइन किया गया है-

> "…Take steps for preserving and improving the breeds, and prohibiting the slaughter, of cows and calves and other milch and draught cattle."

इस संबंध में डायरेक्टिव्स ऑफ प्रिंसपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी में राज्य सरकार को पूर्ण रूप से अधिकार दिया गया है। यह सेन्ट्रल गवर्नमेंट का सब्जेक्ट नहीं है।

Entry 15 of the State List of the Seventh Schedule says:

"(c) preservation, protection and improvement of stock and prevention of animal diseases; veterinary training and practice;" का अधिकार भी स्टेट को दिया गया है। उसके बाद, सीआरपीसी के सेक्शन 39 में क्लीयरली डिफाइन किया गया है। If any incident relating to cattles, bovine or milch cattles appears before any person, he must report it to the nearest Magistrate or Police Officer. Based on Section 39 of Cr.PC, the Ministry of Home Affairs had reminded… (*Interruptions*). Based on the provisions of the law, we have issued clear advisory to all the States and Union Territories of the country that mob lynching or anything related to that will not be acceptable. So, strong action must be taken… (*Interruptions*).

Madam, I cannot imagine a situation where the Prime Minister or the Union Government should take over the State Administration just because there is one incident. Is it possible? We are functioning under the provisions of the Constitution of India. There is a federal structure which is very well defined… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Please address the Chair.

… (*Interruptions*)

श्री किरेन रिजीजू : मैडम, मुझे इस बात की शुरू से आशंका थी कि ये लोग राजनीतिक मुद्दे से ही इस चर्चा को लेकर आए हैं। इनको इस चर्चा में इंट्रस्ट नहीं है। जब मैं यह कोई विवादित बात नहीं कर रहा हूँ, तो फिर ये लोग क्यों … * रहे हैं? …(व्यवधान) जब मैं संविधान के प्रावधानों के तहत बोल रहा हूँ, तो ये बीच-बीच में उठकर जो हंगामा कर रहे हैं, इससे पता चलता है कि इनको इस मुद्दे से कोई मतलब नहीं है। इनको सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा चाहिए था। …(व्यवधान) इन्होंने आज ये बेबुनियाद बातें कही हैं और जिस तरह इन्होंने टॉपिक से बाहर जाकर बातें की हैं, लेकिन फिर भी हमने इन्हें नहीं टोका। हमने इनकी बातों को ध्यान से सुना।

आज जब मैं संविधान के अंतर्गत आने वाले प्रावधानों का उल्लेख कर रहा हूँ, तब भी इनको तकलीफ हो रही है। मैं सिर्फ इतना ही कह सकता हूँ कि यदि आपको इसे सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा ही बनाना है, तो फिर आपने इसके लिए सदन में अलग से

चर्चा के लिए समय क्यों माँगा? जब आपने चर्चा के लिए समय माँगा है, तो आपको उसे सुनना चाहिए और उसके जवाब के लिए तैयार रहना चाहिए।

मैडम, मैं एक-दो बातें बताना चाहता हूँ। ...(व्यवधान) सब से पहले जब मैं एट्रोसिटीज़ की बात करता हूँ।...(व्यवधान) जब देशवासियों के पास इसके आँकड़े पहुँचेंगे, तो वे इन लोगों की पोल खोलेंगे ...(व्यवधान) आज जो यह मुद्दा उठाया गया है, इसमें सब ... * होंगे, क्योंकि हमारी सरकार ने जो किया है, उसे हम यहाँ एक तथ्य के आधार पर बोल रहे हैं। इन्होंने प्रधान मंत्री जी को बदनाम करने के लिए एक डिज़ाइन बनाया है और पूरे देश में एक हव्वा खड़ा करने की कोशिश की है। ऐसी कोशिशों को जनता समय-समय पर जवाब देती आई है।

मैडम, हम जब विपक्ष में थे, तब इन्होंने यहाँ सत्ता में बैठकर पूरे देश को एक अलग ही दृश्य दिखाया था। ...(व्यवधान) उसमें उन्होंने सैकुलरिज्म के नाम पर देश के साथ ऐसा मजाक किया ...(व्यवधान) मैं उसका जवाब देना चाहता हूँ। सब से पहले मैं आँकड़े देना चाहता हूँ। जब सन् 2014 में हम सत्ता में नहीं आए थे ...(व्यवधान) यह मैं उदाहरण के तौर पर बताना चाहता हूँ। महाराट्र में हमारी सरकार नहीं आई थी, केंद्र में हमारी सरकार नहीं आई थी ...(व्यवधान) समय की कुछ घटनाएं मैं आपको बताना चाहता हूँ। ...(व्यवधान)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : मैडम, हम सदन का बहिकार कर रहे हैं।

(Shri Mallikarjun Kharge, Shri Mohammed Salim and some other hon. Members then left the House)

श्री किरेन रिजीजू : आपको उसमें मॉब लिंचिंग नहीं दिखाई दिया था?...(व्यवधान) 2014 में वेस्ट बंगाल की घटना ...(व्यवधान) उसके बाद जनवरी में महाराट्र ...(व्यवधान) गाँव में जो घटना हुई ...(व्यवधान) ये शुरू से यही चाहते हैं...(व्यवधान) ये भागने वाले हैं। ये बहाने बना रहे हैं। इनमें सच्चाई सुनने की ताकत नहीं है। इसलिए जब इस सदन में सच्चाई बताई जा रही है, ये हंगामा कर के वॉक-आउट का ड्रामा कर रहे हैं। ...(व्यवधान) सदन का समय बर्बाद किया है। सारे सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया है और जब हम ज वाब देने के लिए खड़े हैं, तो ये ड्रामा कर रहे हैं। ...(व्यवधान) मैडम हमारे सत्ता में आने से पहले महाराट्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने से पहले ...(व्यवधान) दूसरे गाँव का बताता हूँ। ...(व्यवधान) गाँव में 17 मार्च, 2014 को जलगाँव जिले में जो घटना हुई, उसमें बहुत हिंदू-मुस्लिमों के बीच दंगा हुआ। उसमें बीफ कैरी कर के ले जाने का कोई इंसीडेंट था ...(व्यवधान) उसके बाद महाराट्र के जलगाँव जिले के रमानंद नगर में टेम्पो में मीट ले जा रहे थे। उसके कारण वहाँ दंगा हुआ था।

उसके बाद वऐऩ 2014 में महाराऐट्र में 5 अप्रैल को तापी टोल नाके पर कैटल ट्रैफीकिंग के नाम पर घटना हुई थी। मैंने आपको एक-दो उदाहरण दिए हैं। हम वऐऩ 2010 से सब कुछ आपको बताएंगे और उससे पहले की घटनाओं के बारे में भी बताएंगे तो ये लोग जनता के सामने अपना चेहरा दिखाने के लायक नहीं रहेंगे।...(व्यवधान) हमारी सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री जी ने साफ-साफ शब्दों में कहा है...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : छः बज गए हैं। अगर आप सभी की अनुमति हो तो हम मंत्री जी के जवाब देने तक सदन का समय बढ़ा देते हैं।

श्री किरेन रिजीजू : महोदया, प्रधानमंत्री जी ने पब्लिक मीटिंग में, ऑल पॉलीटिकल पार्टीज़ की मीटिंग में और सोशल मीडिया के माध्यम से भी क्लीयर-कट कहा है। मैं प्रधानमंत्री जी को कोट करता हूं-

"Some anti-social elements have incited violence in the name of cow protection. Those engaged in disturbing the harmony in the country are trying to take advantage of the situation. It has an impact on the image of the nation. The State Governments must deal sternly against such anti-social elements."

इसके अलावा भी प्रधानमंत्री जी ने बहुत कुछ बातें कहीं हैं। मैंने यहां बताया कि मॉब लिंचिंग, कैटल स्मगलिंग और बीफ के नाम पर इस देश में जितनी घटनाएं हुई हैं, जिनके बारे में मैंने यहां बताया है, मैं और भी तथ्य यहां रख सकता हूं। उस समय के प्रधानमंत्री या आपके नेतृत्व ने कभी इन चीजों को कंडेम किया है? हमारे प्रधानमंत्री जी ने इसको कंडेम किया है और राज्य सरकारों से कहा है कि कदम उठाने चाहिए। आपके प्रधानमंत्री ने इस पर कभी कोई शब्द नहीं कहा। क्या आपने इसको उस समय इश्यू बनाया? आपने समय देखकर इसको इश्यू बनाया। आपने एट्रोसिटीज़ के नाम पर, दलितों और मुसलमानों का नाम लेकर आपने वोट बैंक की राजनीति की है। हमारे सत्ता में आने से पहले के और बाद के सारे तथ्य हमारे पास हैं, हमारे पास फिगर्स हैं। मेरे पास आपकी सरकार के समय की फिगर्स भी हैं और हमारी सरकार के समय की भी हैं। इन फिगर्स को हमने नहीं बनाया है। मैं दलितों की बात करना चाहता हूं कि इस देश में काफी सालों से एक ट्रैंड चल रहा है। There is a trend which is not created by any Government. एट्रोसिटीज़ के मामले में उत्तर प्रदेश वऐऩ 2016 के रिकार्ड के मुताबिक नंबर एक पर रहा है। हमारी सरकार यानी भारतीय जनता पार्टी की सरकार वहां वऐऩ 2017 में आयी है। वऐऩ 2016 तक के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश नंबर एक पर है, नंबर दो पर बिहार है, नंबर तीन पर राजस्थान है, नंबर चार पर मध्य प्रदेश है और नंबर पांच पर आंध्र प्रदेश है। हमारे सत्ता में आने से यह फिगर्स नहीं बदली हैं। इन राज्यों में घटनाएं वही रही हैं, चाहे वहां सरकार मायावती जी की रही है या मुलायम जी की रही है या अखिलेश जी की रही है, लेकिन फिगर्स वही रही हैं। इस तरह से अन्य राज्यों में भी है, सरकार बदलने से फिगर्स नहीं बदले हैं। इन घटनाओं का एक ट्रैंड काफी सालों से चलता आया है।

महोदया, 153ए और 153बी के तहत जो कम्युनल एंगल दिया जा रहा है, उसके बारे में मैं कहना चाहता हूं। कांग्रेस और कम्यूनिस्ट पार्टी के एमपीज़ चले गए हैं, अगर वह इसको सुनते तो अच्छा होता। आपने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद यह घटनाएं शुरू हुई हैं, पहले ऐसी घटनाएं नहीं होती थीं। केरल में वऐऩ 2014 से सबसे ज्यादा कम्युनल वॉयलेंस हुआ है। सेक्शन 153, 153ए और 153बी के तहत जो केस दर्ज हुए हैं, उनमें सबसे ज्यादा घटनाएं केरल में हुई हैं। हिंदुस्तान में सबसे ज्यादा इंसीडेंट्स केरल में हुए हैं। अब केरल के लोग कैसे जवाब देंगे, एम.पी. लोग तो भाग गए हैं। उनकी राज्य सरकार को जवाब देना चाहिए। उसके बाद वऐऩ 2015 में सबसे ज्यादा कम्युनल वॉयलेंस के नाम पर जो क्लैशेस हुए हैं, वे सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में हुए हैं, दूसरे नम्बर पर तेलंगाना और तीसरे नम्बर पर कर्नाटक में हुए हैं। कर्नाटक के हमारे खड़गे जी और अन्य सदस्य चले गए हैं। वऐऩ 2016 में ये घटनाएं सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में और दूसरे नम्बर पर सबसे ज्यादा घटनाएं पश्चिम बंगाल में हुईं। ...(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय : यह सरासर झूठ है।

श्री किरेन रिजीजू : ये फीगर है। मैं आपको दूंगा।...(व्यवधान) पश्चिम बंगाल में हुआ है।...(व्यवधान) तीसरे नम्बर पर केरल में हुई हैं। ये फीगर हमारी नहीं है। ये ऑफीशियल फीगर है। मैडम, यह फीगर्स राज्य सरकार के द्वारा ही मिलती हैं। हम अपने-आप दर्ज नहीं करते हैं। इसलिए अगर सौगत राय दादा इस फीगर को डिसप्यूट करते हैं इसका मतलब यह कि वह अपनी सरकार की फीगर को डिसप्यूट कर रहे हैं।

मैडम, जिन घटनाओं के लिए केंद्र सरकार को ब्लेम करने की कोशिश की गई है। एक नोटिफिकेशन जारी हुई, जिसको सुप्रीम कोर्ट ने स्टे किया हुआ है। मद्रास हाई कोर्ट ने उसको स्टे किया है। जिसको बाद में फिर से सुप्रीम कोर्ट ने ऑल ओवर कंट्री में स्टे दिया गया है। इसलिए सबजूडिस होने के कारण मैं उस विऐाय में ज्यादा विस्तार से नहीं जाना चाहता हूं। आप राज्य सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर काम करने के लिए अच्छे सुझाव देने के बजाय खामख्वाह बार-बार प्रधान मंत्री जी को टार्गेट करके व केंद्र सरकार को टार्गेट करके आप क्या प्राप्त करना चाहते हैं? आप चाहते हैं कि क्या प्रधान मंत्री जी पूरे देश के फेडरल स्ट्रक्चर को तोड़कर स्टेट गवर्नमेंट को अपने हाथ में ले लें। ये नहीं हो सकता है। हम एक सिस्टम के तहत चल रहे हैं। जब भी जरूरत पड़ती है और होम मिनिस्ट्री को लगता है कि इंटरवीन करना चाहिए, एडवाइजरी जारी करनी चाहिए, मदद करनी चाहिए, तब समय-समय पर हमारा राज्य सरकार के साथ तालमेल रहा है। हमारे वरिऐठ मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी ने जरूरत पड़ने पर टेलीफोन से मीटिंग कॉल करके राज्य के साथ संपर्क किया। हमारे गृह मंत्रालय के वरिऐठ अधिकारी समय-समय पर राज्य सरकारों से तालमेल बनाकर काम करते हैं। स्टेट का एपरेटस और सेंट्रल की जो मशीनरी है, उसमें कोई विरोधाभास नहीं है। विरोधाभास सिर्फ राजनीतिक दृिऐट से है। हम लोग जो बोलते हैं, इश्यू बनाते हैं वहां पर विरोधाभास है। राज्य सरकार की जो मशीनरी है, सेंट्रल गवर्नमेंट की जो मशीनरी है, उनमें तालमेल है।

मैं दो-तीन केस के बारे में बताना चाहता हूं। केसेज़ तो बहुत हुए है, कहानियां भी बहुत हैं। लेकिन जो खड़गे जी ने पूछा कि हम लोगों ने कार्रवाई क्या की। मैं आपको दावे के साथ कहता हूं कि हमारी निगरानी में बहुत स्विफ्ट एक्शन होता है। मै राज्य सरकार के लिए, बिहार के बारे में बोल रहा हूं कि इतना क्विक एक्शन हमने पहले कभी नहीं देखा। राजस्थान में जो घटना हुई। राजस्थान में 200 लोगों का जमावड़ा हुआ और वहां पर एक घटना हुई। आप लोगों ने मोहम्मद पहलू खान की घटना का जो जिक्र किया।...(व्यवधान) हमने तुंत, बिना विलम्ब किए एफ.आई.आर. लॉज कराई और 5 लोगों को तुंत गिरफ्तार किया गया और उन्हें जेल में डाला गया। उसके बाद हरियाणा के पलवल, फरीदाबाद में 23.06.2017 को जो घटना हुई, उसमें चार मुसलमान भाईयों को मारने की जो घटना सामने आई। उसके तुंत बाद कार्रवाई हुई और उसमें चार लोगों को अरेस्ट किया गया।...(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय: उनको बेल मिल गई।...(व्यवधान)

श्री किरेन रिजीजू : आप चाहते हैं कि कोर्ट को हम ले लें...(व्यवधान) इतने वरिऐठ नेता होते हुए...(व्यवधान) इतने वरिऐठ सांसद होते हुए वह चाहते हैं कि ज्यूडिशियरी का काम भी सरकार ले ले। बेल किसको देनी है या नहीं देनी है, क्या वह भी सरकार तय करेगी। ...(व्यवधान) मुझे ताज्जुब होता है

कि इतना वरिठ नेता भी स्लिप हो सकता है और गलत बात बोल सकता है।...(व्यवधान) आप ऐसे बात मत कीजिए।

मैडम, झारखंड की घटना की जो बात है, 27 जून को झारखंड में 55 वऐऩ के एक मुस्लिम डेयरी ऑनर मौहम्मद उस्मान अंसारी के साथ मॉब द्वारा आग लगाने की हुई थी, पुलिस ने तुंत उस पर कार्रवाई की और उसमें हमने जो हिसाब लिया है, रिपोर्ट ली और देखी है, राज्य सरकार की तरफ से कार्रवाई करने में कोई कमी नहीं है।

उसके बाद झारखंड में अलीमुद्दीन अली असगर की दूसरी घटना हुई। उसमें एफ.आई.आर. लॉज हुई और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। महाराऐट्र के नागपुर की घटना का आपमें से काफी लोगों ने जिक्र किया, उसमें चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले जिन घटनाओं को मैंने जिक्र किया, आप लोगों को ताज्जुब होगा, अगर मैं सारे के सारे तथ्य यहां रखूंगा तो आप लोगों को खुद को शर्मिंदगी महसूस होगी कि आप लोगों ने इस मुद्दे को यहां उठाकर हम पर उंगली उठाने का काम किया। हमने कानून के मुताबिक कार्रवाई करने का जो काम किया है, उसके मुकाबले में उतना स्विफ्ट कोई नहीं कर सकता है...(व्यवधान) हम जो भी कहते हैं, तथ्य के आधार पर कहते हैं...(व्यवधान) सौगत जी, जब हाउस से बाहर मिलते हैं तो बहुत अच्छे होते हैं।...(व्यवधान) लेकिन यहां आप ऐसा बिहेव करते हैं कि मैं आपका नाम भी भूल जाता हूं। सौगत दादा, आप हाउस से बाहर जब भी मिलते हैं तो आप इतना अच्छा व्यवहार करते हैं, इतने लर्नेड, एक जैंटलमैन जैसा व्यवहार करते हैं, लेकिन सदन में आते हैं तो कांग्रेस के लोगों से मिलकर आप क्यों बिगड़ जाते हैं, मुझे समझ में नहीं आता है। आप एक जानकार आदमी हैं, आप एक अनजान की तरह बात मत कीजिए।

स्पीकर मैडम, हर राज्य ने अपने-अपने तौर पर संविधान के मुताबिक कानून बनाये हैं। अभी तक 24 States and 5 Union Territories have framed their own laws on banning or restricting the slaughter of animals and their progenies.

प्रो. सौगत राय: क्या अरुणाचल प्रदेश में ऐसा हुआ?

श्री किरेन रिजीजू : अभी बताता हूं। ...(व्यवधान) मैं नाम बता सकता हूं। उसके बाद अभी तक पांच राज्यों ने और एक केद्र शासित प्रदेश ने इस विऐय को लेकर कोई कानून नहीं बनाया है ...(व्यवधान) बंगाल ने कानून बनाया, वह उस कानून के मुताबिक काम करे। आप अपने मुख्य मंत्री जी को बोलिये, आप वरिऐठ नेता हैं, उन्हें जो कार्रवाई करनी है, उसके तहत कीजिए। ये जो पांच राज्य हैं, जिनमें केरल भी है, पांच राज्य और एक यूनियन टैरिटरी, जिन्होंने कानून नहीं बनाया, वे अपने हिसाब से कानून बना सकते हैं, क्योंकि वह संविधान के दायरे में हैं। कानून किस तरीके से बनाना है, वह उनके ऊपर है।

मैं आपको यह जानकारी देना चाहता हूं कि हर राज्य का कानून एक-दूसरे से भिन्न है। लॉ के जो प्रोविजंस हैं, वे सारे राज्यों के समान नहीं हैं और उसके तहत जैसे वे कार्रवाई करना चाहते हैं, कर सकते हैं। उसमें हम हस्तक्षेप नहीं कर सकते, क्योंकि क्लियर कट डायेरक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पालिसी के माध्यम से और जो स्टेट-सैंटर लिस्ट का सब्जैक्ट के मुताबिक बाइफर्केशन और आर्टिकल

246 पार्ट-3 में जो पावर दी गई है, लेजिस्लेचर के पास एब्सोल्यूट पावर है, उसके तहत हम हस्तक्षेप नहीं कर सकते। लेकिन जब देश में एक छवि खराब होती है, माहौल खराब होता है तो हम होम मिनिस्ट्री के माध्यम से जरूर एडवाइजरी जारी करते हैं और हम रिपोर्ट लेते हैं।

मैडम, आज इस चर्चा के दौरान काफी एलिगेशंस लगाए गए और काफी बातों को घुमा-फिराकर हमारे ऊपर आरोप लगाने की कोशिश की गई है। मैंने कहा है कि इस चर्चा में दो बिंदु हैं, एक तो एट्रोसिटीज़ है, जिस पर मॉब लिंचिंग या दलितों के ऊपर अत्याचार, मुसलमानों के ऊपर या गरीबों के ऊपर या एक कम्युनल क्लैशिस होता है तो अलग-अलग किस्मों की घटनाओं के ऊपर एट्रोसिटीज़ एण्ड मॉब लिंचिंग को ले कर के चर्चा आपने की है। काफी दिनों से आपने 'Not in My Name' कर के एक कैंपेन चलाया। कभी इण्डिया गेट पर कुछ लोगों से तालमेल कर के वहां कैण्डल जला कर प्रोटेस्ट करवाते हैं। लेकिन मेरा कहना है कि Mob lynching is a one of the worst form of crime. कोई भी इसका समर्थन कर नहीं सकता है। इसलिए प्रधान मंत्री जी ने दो टूक क्लियर शब्दों में इस बात को कहा है, कड़े शब्दों में निंदा की है और कार्रवाई करने के लिए भी कहा है। मैं यह चाहता हूँ और सरकार यह चाहती है कि चाहे वह घटना बंगाल में हो, चाहे केरल में, चाहे दिल्ली में, चाहे राजस्थान में हो, हर जगह जब-जब यह घटना होती है, उसका कंडेमनेशन यूनिवर्सिली होना चाहिए था। जब आपके राज्य में घटना होती है तो आप चाहते हैं कि इसकी चर्चा न हो। जो एक बीमारी सिलेक्टिव एमनीशिया आज-कल हो गई है, उसके मुताबिक आप चुन-चुन कर कुछ मुद्दे उठाने की कोशिश क्यों करते हैं? इससे पहले आपने इस देश में एक माहौल खड़ा किया, उसका नाम था इनटॉलरेंस यानि असहिऐणुता के नाम से एक चर्चा शुरू की गई। लेकिन जनता द्वारा उसका जवाब देने के बाद वह चर्चा बंद हो गई। फिर आप कोई दूसरा मुद्दा तलाशने लगे। फिर आपने अवार्ड वापसी की चर्चा शुरू की। जब सारे अवॉर्ड वापस करने वालों की पोल खुल गयी तो फिर आपने एक दूसरा टॉपिक ढूंढ़ना शुरू कर दिया। फिर आपने फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन के नाम पर जो देश को गाली देने का काम किया। मैं आज भी कहता हूँ फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन के नाम से अगर देश को गाली देंगे तो हम आपको माफ नहीं करेंगे। फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन का मतलब यह नहीं है कि आप भारत माता को गाली दो। फ्रीडम ऑफ एक्सप्रेशन आपकी लिबर्टी होती है। आप अपने संवैधानिक अधिकारों के बारे में बात कीजिए। कांग्रेस के नेताओं ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में जा कर कुछ लोगों के साथ बैठ कर, भारत तोड़ो नारा लगाने वालों के साथ बैठने का भी काम किया है। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में सभी लोग ऐसे नहीं हैं। जवाहर लाल नेहरू विश्विविद्यालय में मेजोरिटी लोग देशभक्त ही हैं। सब वहां पढ़ने जाते हैं। लेकिन वहां का माहौल कुछ लोग ही खराब करते हैं। इसलिए हम जेएनयू को पूरा का पूरा ब्लेम नहीं कर सकते हैं।

उसके बाद जब दिल्ली में चुनाव हो रहे थे, यहां आम आदमी पार्टी के हमारे साथी बैठे हैं, तब चर्च को अटैक कर के माहौल खराब करने की कोशिश की गई। मैं खुद ताज्जुब हो गया। चार-पांच दिन तक टी.वी. पर एक ही न्यूज़ चलती रही कि दिल्ली में सारे चर्चों को तोड़ा जा रहा है। मैं बहुत चिंतित हुआ, हमारे ईसाई भाइयों के साथ बैठक हुई। मैंने कहा कि हम इस पर तुंत कार्यवाही करेंगे। राजनाथ जी से मिले, राजनाथ जी ने भी बैठक बुलाई। मैंने तुंत दिल्ली पुलिस कमिश्नर को बोला कि यह क्या बात है कि मीडिया चार-पांच दिन से दिखा रहा है कि दिल्ली में सारे चर्चों को ढूंढ़-ढूंढ़ कर तोड़ा जा रहा है, आप रिपोर्ट दीजिए। हमने सभी धर्मों की रिपोर्ट मांगी, जब रिपोर्ट सामने आई तब पता चला,

मैं कम से कम एक साल की घटनाओं के बारे में बता रहा हूँ। तीन सौ से ज्यादा मंदिरों के साथ, यहां मंदिरों का मतलब, मंदिर के अंदर और बाहर उससे जुड़ी हुई घटनाएं हुईं, कम से कम तीस से ज्यादा सिखों के गुरुद्वारों से जुड़ी हुई घटनाएं हुईं और 40-50 से ज्यादा घटनाएं मस्जिदों और उनसे जुड़ी हुई घटनाएं हुईं। चर्च की केवल चार घटनाएं सामने आईं। मैंने कहा कि चूंकि टीवी पर सिर्फ चर्च की ही घटनाओं के बारे में ही दिखा रहे हैं तो चर्च की चार घटनाओं का बताइए कि कैसे हुईं। तब उसमें पता चला कि संयोजित तरीके से, किसी मॉब ने चर्च पर कोई भी अटैक नहीं किया है।

एक चोरी का मामला सामने आया और एक यह मामला यह सामने आया कि कोई वहाँ खेल रहे थे तो क्रिकेट बॉल जाकर कहीं खिड़की में लगा। एक केस में सचमुच में भगवान जीसस की मूर्ति को तोड़ा गया, तो पुलिस की रिपोर्ट हमने मँगवायी, पता चला कि कोई चोरी के इरादे से गया था, तो उसे चोट पहुँची। चोट थोड़ी पहुँची या ज्यादा पहुँची, हमें इसका दुख है। चाहे वह हिन्दू का मन्दिर हो, चाहे क्रिश्चियन का चर्च हो, अगर इसको मुद्दा बनाना है, तो यह मुद्दा बनाना चाहिए कि हमारे धर्म स्थानों को प्रोटेक्शन मिलना चाहिए। देश भर में जो आपने एक ऐसा माहौल खड़ा किया और विश्व भर में, आपने कहा कि हिन्दुस्तान की छवि को खराब करने की कोशिश की, हिन्दुस्तान की छवि को सबसे खराब, सबसे बर्बाद करने की कोशिश आप लोगों ने किया है। पूरी दुनिया में भारत की ऐसी तस्वीर पेश की कि यहाँ क्रिश्चियंस मिशनरीज को और चर्चों को जलाया जाता है, तोड़ा जाता है, मारा जाता है। ऐसी छवि आपने पेश की, जबकि ऐसी कुछ घटनाएँ नहीं हुईं। कुछ बातें हैं, मैं कांग्रेस के दोस्तों को याद दिलाना चाहता हूँ। अभी वे भाग गये हैं, लेकिन बाद में मैं उनको बताऊँगा। वे चले गये, लेकिन मैं उन बातों को बताऊँगा।

महोदया, इन्दिरा जी के शासन के समय में यहाँ होम मिनिस्ट्री से कुछ ऑर्डर पास हुआ। उस ऑर्डर के मुताबिक मेरे प्रदेश, आपने मेरे प्रदेश का जिक्र किया, अरूणाचल प्रदेश में एक स्टैन्डिंग ऑर्डर पास किया कि वहाँ कोई भी क्रिश्चियन मिशनरीज, कोई भी पैस्टर, कोई भी फादर, कोई भी हो, क्रिश्चियन के नाम से अरूणाचल प्रदेश में अगर एन्टर करता है, तो उसको अरेस्ट होना चाहिए। यह ऑर्डर कांग्रेस के समय में पास हुआ। मदर टेरेसा जब अरूणाचल प्रदेश जाना चाह रही थीं, उनको मना किया कि आप कहीं भी जा सकती हैं, लेकिन अरूणाचल प्रदेश नहीं जा सकती हैं। यह ऑर्डर कांग्रेस के समय में पास हुआ। अभी वहाँ हम लोगों को बदनाम करते हैं कि बीजेपी आने के बाद सबको हिन्दू बनायेंगे, क्रिश्चियंस का प्रॉसिक्यूशन हो रहा है। आप मुझे बताइए कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद अरूणाचल प्रदेश में एक भी इसाई को, हमारे क्रिश्चियंस भाई-बहनों का एक भी प्रॉसिक्यूशन हुआ है, तो मैं पद से इस्तीफा दे दूँगा। कांग्रेस को यह जवाब देना पड़ेगा, हजारों लोगों को जो जेल में डाला, उनका घर जला दिया गया, क्रिश्चियंस की मिशनरीज को, फंकशनरीज को जो टॉर्चर किया और उस समय घर जला दिया गया, क्या उसके लिए कभी कांग्रेस मॉफी माँगेगी? आपका जो कारनामा है, आपकी जो करतूत है, उसको तो आप छुपाकर रखते हैं और जब इस सरकार के खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है, आज से तीन साल पहले भ्रऐटाचार सबसे बड़ा मुद्दा था। प्रधानमंत्री, आदरणीय नरेद्र मोदी जी के आने के बाद भ्रऐटाचार का इश्यू हमारी केद्र सरकार की डिक्शनरी से खत्म हो गया। आपके पास कोई मुद्दा नहीं है, तो आप इनटॉलरेंस, अवार्ड वापसी और आज आपने मॉब लिंचिंग के नाम से छः घंटे इस सदन में बहस लेकर आने का काम किया। हम भागने वाले नहीं हैं।... (व्यवधान) हम तो वॉक आउट भी नहीं करते हैं।

मैडम, आपको अच्छे से मालूम है कि हम जब यहाँ वऐऩ 2004 से अपोजीशन में एमपी थे, हम जब प्रोटेस्ट करते भी थे, तो हम बहुत ही शालीनता से प्रोटेस्ट करते थे। चेयर से हम लोग बाहर नहीं जाते थे, जबकि हमारे नंबर में ज्यादा फर्क नहीं था। हमारा 137 था, कांग्रेस का 145 था, करीब-करीब बराबर नंबर था, फिर भी हम लोग जबरदस्ती करके यहाँ नहीं आते थे और स्पीकर के ऊपर कागज नहीं फेंकते थे। हम लोग डेमोक्रैटिकली डिसिप्लिन के साथ बहस में हिस्सा लेते थे। आप लोग हमको कैसे ठोकते थे, आपके एक वरिठ मंत्री ने कहा कि हम सारे लोगों को मीटिंग में बुलायेंगे, बीजेपी को नहीं बुलायेंगे। हम लोग इलेक्टेड एमपी थे, रेकग्नाइज्ड अपोजीशन पार्टी थे, फिर भी आप लोगों ने इस तरह के वाक्य का इस्तेमाल किया है। यह देश बहुत बड़ा है।

मैडम, मुझे कितने मिनट और बोलना है?

माननीय अध्यक्ष : आपको जवाब देना है।

...(व्यवधान)

श्री किरेन रिजीजू : मैडम, लगभग 1.3 लाख बिलियन के इस देश में स्टेट्स हैं, यूनियन टेरेटरीज हैं, वहाँ काफी घटनायें हुई हैं। जो गलत घटनायें हुई हैं, हम सब को मिलकर उनका खण्डन करना चाहिए। इसमें पार्टी की बात नहीं आनी चाहिए। इस देश में अगर कोई गलत घटना हुई है तो देश के लिए वह दुखद बात है। इसमें कोई पार्टीबाजी की बात नहीं होनी चाहिए। किसी भी राज्य में अगर कोई भी घटना होती है, कोई भी वॉयलैंस होती है, हमारी सरकार में नरेद्र मोदी जी के प्रधान मंत्री बनने के बाद कहीं कोई घटना हुई और हमने सहायता देने से मना किया या भेदभाव किया हो तो आप बताइए। हम चाहते हैं कि लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखें। लॉ एंड ऑर्डर स्टेट सब्जैक्ट है और हर राज्य सरकार उसको बनाए रखे, हम यह चाहते हैं। उसके लिए जो भी मदद और सहायता केद्र सरकार से चाहिए, हमने कभी मना नहीं किया, लेकिन आप बार-बार हम पर आरोप लगाते हैं कि हमने इस देश के माहौल को खराब किया है।

अध्यक्ष महोदया, देश का माहौल कैसे खराब होता है? देश का माहौल क्या भारत माता की जय लगाने से खराब होता है या भारत के टुकड़े करो, ऐसा बोलने से खराब होता है? देश की छवि या देश का माहौल कब खराब होता है - जब अफज़ल गुरु को फाँसी देने का समर्थन लोग करते हैं, तब माहौल खराब होता है या अफज़ल गुरु का समर्थन करने वाले लोगों की वजह से देश का माहौल खराब होता है? जब सर्जिकल स्ट्राइक होती है तो आर्मी को सैल्यूट करने से देश की छवि खराब होती है या आर्मी से सुबूत मांगने का काम लोग करते हैं, तब हमारे देश की छवि खराब होती है? हम जब आर्मी को इज्ज़त देते हैं, तब छवि खराब होती है या ...* कहने से देश की छवि खराब होती है? देश की छवि खराब करने का काम कौन कर रहा है? हमारी एक करतूत बताइए जिससे हमारे देश को शर्मिंदगी का बोझ उठाना पड़ रहा हो? कोई एक तो बताइए।

अध्यक्ष महोदया, मैं ज्यादा समय नहीं लेते हुए अंत में सारे देश को इस सदन के माध्यम से अपील करना चाहता हूँ। हमारे प्रधान मंत्री पहले दिन से अपनी इंटैंशन क्लियर करके चले हैं। देश संविधान से चलता है और सरकार की इंटैंशन क्लियर होनी चाहिए। जब हमारे नेता ने हमारी सरकार

के लिए क्लियर इंटैंशन कह दिया कि इस देश में जो भी प्रॉबलम है, सामूहिक रूप से इसका समाधान होना चाहिए और विकास ही एकमात्र सॉल्यूशन है, फिर हम बार-बार इस देश में जो अलग-अलग तरीके से इश्यू बनाकर सदन का समय खराब करने और देश की छवि खराब करने की कोशिश की जाती है, यह बंद होनी चाहिए।

जब प्रधान मंत्री की ओर से किसी बात की अपील की जाती है तो उसको हमें गंभीरता से लेना चाहिए। जब प्रधान मंत्री ने अपील की है तो वह हमारे लिए भी है, राज्य सरकारों के लिए भी है और देश की सब जनता और सब नागरिकों के लिए है। उसको इज्ज़त देनी चाहिए। देश दुनिया में आज प्रधान मंत्री जी का गुण गाया जा रहा है। अध्यक्ष जी, ऐसा समय बार-बार नहीं आता है कि किसी देश को ऐसा प्रधान मंत्री मिले। ऐसा मौका इतिहास में हर देश के नसीब में बार-बार मिलता नहीं है। अब यह हमारा समय है। विश्व में जब हिन्दुस्तान का नाम इतना रोशन हो रहा है, हमारे प्रधान मंत्री को विश्व के सब लोग इज्ज़त दे रहे हैं, ऐसे समय में हमारे प्रधान मंत्री की छवि को, हमारी सरकार की छवि को बरबाद करके आप देश की छवि को खराब कर रहे हैं। आप यह बात मत भूलिये। ...(व्यवधान) मैं आपको एक चेतावनी देकर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूँ। ...(व्यवधान) मैं क्या कहना चाहता हूँ आप समझिए।

माननीय अध्यक्ष : चेतावनी मत बोलो।

श्री किरेन रिजीजू : आप मेरी बात को पूरा सुन लीजिए। ...(व्यवधान) आप जितनी बार यह मुद्दा उठा रहे हैं, आप उतनी बार ही अपने आप बेनकाब हो रहे हैं। देश और जनता के सामने आपके अंदर की असलियत सामने आ रही है। क्योंकि आप इस तरह की गलत बात के जितने भी इश्यू उठाते हैं, भारतीय जनता पार्टी उतनी ज्यादा मज़बूत होकर उभरकर आ रही है। क्यों? अगर आपकी बातों में दम होता, आप जो प्रधान मंत्री को बदनाम कर रहे हैं, उसमें अगर दम होता तो जनता का इतना समर्थन प्रधान मंत्री जी को और भारतीय जनता पार्टी को क्यों मिल रहा है? ...(व्यवधान) इसलिए इस बात पर चेतावनी मैं नहीं दे रहा हूँ, जनता की ओर से मैं दे रहा हूँ। ...(व्यवधान) मेरी तरफ से तो मैं सलाह दे सकता हूँ। अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से इनको सलाह दे सकता हूँ कि आप हमको जितना बदनाम करेंगे, उतना ही आप खुद बदनाम हो जाएँगे। हमारे ऊपर आप एक उंगली दिखाएंगे, तो चार उंगली आपकी तरफ पड़ती हैं। आप यह चीज़ मत भूलिए।

आज यहां इतनी अच्छी चर्चा हुई, बहुत अच्छे माहौल में चर्चा हुई। खड़गे जी और कुछ लोगों ने गलत बातें कही हैं, फिर भी चूंकि मैं उनसे छोटा हूं तो मैं गाली-गलौज नहीं कर सकता, मैं उन्हें इज्ज़त

देता हूं। इसलिए, जितने सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया, हमारी ओर से वरिऐठ रामविलास पासवान जी ने भी चर्चा में भाग लिया, इंटरवेंशन किया, सबको मैं धन्यवाद देता हूं।

अध्यक्ष जी, आपने बहुत पेशेंटली सबकी बात सुनी, उन्हें अपनी बात कहने का मौका दिया। हुक्मदेव जी ने हमारी पार्टी की ओर से अपनी बातों को बहुत अच्छे तरीके से रखा। सबको धन्यवाद

देते हुए मैं अपनी बात को समाप्त करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष : अच्छी हिन्दी बोलने के लिए हम भी आपको बधाई देते हैं।

अब यह सभा मंगलवार 01 अगस्त को सुबह 11 बजे पुनः मिलने के लिए स्थगित की जाती है।

18.31 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday

1st August, 2017/10, Shravana, 1939 (Saka).

---

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

* Not recorded

* Not recorded

** Introduced with the recommendation of the President.

** Introduced with the recommendation of the President.

** Introduced with the recommendation of the President.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded.

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded

* Not recorded.

* Not recorded.

* ग़्दद्य् द्धड्ढहदद्धड्डड्ढड्ड